चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 252, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 11 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

योगी कैबिनेट: 62 के बजाय 65 साल में रिटायर होंगे सरकारी अस्तपाल के डॉक्टर

लखनऊ

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक अब 62 के बजाय 65 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होंगे, लेकिन अपर निदेशक से लेकर महानिदेशक स्तर के चिकित्साधिकारी 62 वर्ष में ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे। अन्य स्तर के चिकित्सक प्रशासनिक कार्य छोड़ कर मरीजों के इलाज में 65 वर्ष तक रह सकेंगे। इस प्रस्ताव को मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की समय सीमा 65 साल करने को लेकर करीब सालभर से मशक्कत चल रही थी। कुछ चिकित्सक पक्ष में थे तो कुछ विरोध में। ऐसे में विभाग की ओर से सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से प्रस्ताव तैयार किया गया। इसके तहत प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के तहत कार्यरत लेवल एक से लेवल चार तक के चिकित्साधिकारियों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी गई है। यह फैसला सबके लिए नहीं हुआ है। संयुक्त निदेशक लेवल चार के चिकित्साधिकारियों में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को 62 वर्ष की उम्र पूरी करते ही प्रशासनिक कार्य छोड़ना होगा। वे 62 के बाद सिर्फ मरीजों का इलाज करते हुए 65 वर्ष तक की सेवा दे सकेंगे। इसी तरह महानिदेशक (लेवल सात), निदेशक (लेवल छह), अपर निदेशक, अधीक्षक व मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी (लेवल पांच) वाले चिकित्साधिकारी 62 वर्ष की उम्र पूरी

करने के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

वीआरएस का विकल्प

लेवल एक से लेवल चार तक के चिकित्साधिकारी 62 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। यानी जो कार्य करना चाहेंगे, उन्हें मौका मिलेगा। जो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति चाहेंगे उन्हें आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी।

एयरपोर्ट की तर्ज पर संवारे जाएंगे यूपी के 23 बस स्टैंड

प्रदेश में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 23 बस स्टैंड को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। योगी कैबिनेट की मंगलवार को आयोजित बैठक में इसका प्रस्ताव मंजूर किया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि गाजियाबाद के साहिबाबाद, आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर और ईदगाह, मथुरा के पुराना बस स्टैंड, कानपुर के कानपुर सेंट्रल (झकरकटी), वाराणसी के कैंट, प्रयागराज के जीरो रोड और लखनऊ के अमौसी बस स्टैंड को पीपीपी मोड पर बसपोर्ट विकसित करने का प्रस्ताव मंजूर किया है।

लखनऊ के चारबाग, मेरठ के सोहराबगेट, अलीगढ़ के रसूलाबाद, गोरखपुर के गोरखपुर, अयोध्या के अयोध्याधाम, बरेली के सैटेलाइट, रायबरेली और मिजार्पुर में बस पोर्ट के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया है। बुलंदशहर के बुलंदशहर और मेरठ के गढ़मुक्तेश्वर एयरपोर्ट की तर्ज पर बस पोर्ट बनाने प्रस्ताव भी मंजूर किया है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के पुराने बस स्टैंड, कौशांबी, लखनऊ के गोमतीनगर, गाजियाबाद बस स्टैंड को बस पोर्ट में तैयार करने के लिए फर्म का चयन हो गया है। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इसका शिलान्यास कराया जाएगा।

भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ हैं। हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ हैं: पीएम, इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया

भारत आतंकवाद के खिलाफ: पीएम मोदी

नई दिल्ली

हमास के खिलाफ जंग के चौथे दिन इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को जंग के बारे में पूरी जानकारी दी। इसके बाद पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा- भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ हैं। हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ हैं। इससे पहले इजराइल की सेना ने घोषणा की- हमने गाजा के बॉर्डर पर कब्जा कर उसे पूरी तरह से सील कर दिया है। सेना ने रातभर गाजा में 200 जगहों पर स्ट्राइक की। अब तक हमास के 1500 लड़ाके मारे जा चुके हैं। वहीं, जंग में इजराइल के 123 सैनिकों की मौत हो चुकी है। इजराइल में 1973 के बाद पहली बार यूनिटी गवर्नमेंट बनेगी। इसके लिए सत्ताधारी लिकुड पार्टी के गठबंधन ने हामी भर दी है। यानी इजराइल में ऐसी सरकार बनेगी, जिसमें सभी पार्टियां शामिल होंगी। यूनिटी गवर्नमेंट या वॉर कैबिनेट जंग के वक्त बनती है। दूसरी तरफ हमास के हमलों में थाईलैंड के अब तक 18 नागरिकों की मौत हो चुकी है। कई लोग लापता हैं। रात भर इजराइल ने गाजा पर हमले किए। जवाब में हमास ने धमकी दी है कि वो इजराइल से पकड़े गए करीब 150 बंधकों की हत्या कर देगा। जंग के बीच नेतन्याहू ने कहा कि हमास ने हम पर हमले कर बड़ी गलती की है। हम इसकी ऐसी कीमत वसूलेंगे, जिसे हमास और इजराइल के बाकी दुश्मनों की पीढ़ियां दशकों तक याद रखेंगी। पीएम नेतन्याहू ने कहा- हम युद्ध नहीं चाहते थे। हम पर बहुत क्रूर तरीके से यह थोपा गया। हमने भले ही युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन इसका अंत हम ही करेंगे। इजराइल सिर्फ अपने लोगों के लिए नहीं बल्कि बर्बरता के खिलाफ खड़े हर देश के लिए लड़ रहा है। 7 अक्टूबर से शुरू हुई इस जंग में अब तक कुल 1,665 लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइल में 900 लोग मारे गए हैं, जबकि 2300 लोग घायल हैं। वहीं गाजा पट्टी में 140 बच्चों, 120 महिलाओं समेत 765 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। 3,726 लोग घायल भी हुए हैं। इसके अलावा इजराइल की सेना ने अपने क्षेत्र में हमास के 1500 लड़ाकों को भी मार गिराया है।

इजराइल ने गाजा में 1,707 टारगेट्स पर हमला कर चुका है

हिब्रू मीडिया के हवाले से बताया कि इजराइल जंग की शुरुआत से लेकर अब तक गाजा में 1,707 टारगेट्स पर हमला कर चुका है। इस दौरान करीब 475 रॉकेट सेंटर्स, 23 स्ट्रैटजिक साइट्स और 22 अंडरग्राउंड ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इजराइली सुरक्षा बलों ने सोमवार देर रात पुष्टि की कि लेबनानी सीमा पर संघर्ष के दौरान एक डिप्टी सेना कमांडर की मौत हो गई है।

क्या अब इस्राइल की सीमा में ही खड़ा रहेगा अमेरिकी युद्धपोत!

तेल अवीव

जैसे-जैसे अमेरिका का युद्ध पोत यूएसएस गैरोल्ड फोर्ड इस्राइल की सीमा की ओर बढ़या जा रहा है, वैसे-वैसे मध्य एशिया से लेकर पश्चिम एशिया के देशों में अनिश्चितता का भी दौर बढ़ता जा रहा है। सियासी जानकारों का कहना है कि इस्राइल को मिल रहे दुनिया के सभी ताकतवर देश के समर्थन से मुस्लिम ब्रदर हुड के लिए अरब लीग के देश एकजुट होते जा रहे हैं। यही वजह है कि अरब लीग के मुखिया ने रूस के विदेश मंत्री से जाकर न सिर्फ मुलाकात की, बल्कि आगे की रणनीति तैयार करने के लिए दिन भी तय किया। दरअसल, इस्राइल पर फलस्तीन के आतंकी संगठन हमास की ओर से किए गए अब तक के सबसे बड़े हमले के बाद रूस और चीन की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया नहीं दर्ज की गई है।

ऐसे में सियासी जानकारों का कहना है कि अमेरिका का युद्धपोत इजरायल की ओर आना, रूस और चीन की चुप्पी के साथ अरब लीग का रूस के दरवाजे पर जाना सब कुछ सामान्य जैसा तो नहीं है। इस्राइल पर हमास के हमले के बाद जिस तरीके के हालात बने हैं, वह फिलहाल बिल्कुल सामान्य नहीं है। रक्षा मामलों के जानकारों का कहना है कि जो परिस्थितियां इस्राइल पर हमले के बाद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया में बनी है, उसमें सभी देश अपने-अपने नजरिए से मदद के साथ-साथ भौगोलिक दृष्टिकोण में नफा नुकसान का भी आकलन कर रहे हैं।

वामपंथी उग्रवाद से होने वाली हिंसा में 2014 के बाद से लगातार गिरावट: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि माओवादी हिंसा ने देश के कई हिस्सों में विकास प्रक्रिया को दशकों पीछे धकेल दिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसे नागरिक संस्थाओं और मीडिया को पहचानने की जरूरत है ताकि नक्सलियों पर हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का दबाव बनाया जा सके।

रिपोर्ट में कही ये बातः वर्ष 2022-23 के लिए गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह आवश्यक है कि नक्सली इस तथ्य को पहचानें कि 21वीं सदी के भारत की सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक गतिशीलता तथा आकांक्षाएं माओवाद के वैश्विक दृष्टिकोण से बहुत दूर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है

कि भारत सरकार बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाकर इस खतरे से पूर्ण रूप से निपट रही है और परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से होने वाली च्हसा में 2014 के बाद से लगातार गिरावट और इनके प्रसार में काफी कमी देखी गई है। मंत्रालय ने कहा कि माओवादी नहीं चाहते कि मूलभूत समस्याओं का हल किया जाए क्योंकि वे बड़े पैमाने पर स्कूल भवनों, सड़कों, रेलवे, पुलों, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और संचार सुविधाओं को निशाना बनाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि माओवादी अपनी पुरानी विचारधारा को कायम रखने के लिए अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों की आबादी को हाशिए पर रखना चाहते हैं। नतीजतन, वामपंथी उग्रवाद के प्रभाव के कारण देश के कई हिस्सों में विकास की प्रक्रिया दशकों पीछे चली गई है।

आईएमएफ ने भारत का बढ़ाया विकास दर

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1% से बढ़ाकर 6.3% कर दिया।

आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवानुर्मानों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की विकास दर 6.5% के आसपास रह सकती है।

अब एक करोड़ युवाओं को देंगे रोजगार: सीएम

अब तक दी छह लाख नौकरिया

लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ योगी ने मंगलवार को बड़ा एलान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 6 साल में छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी। अब आगे एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मिशन रोजगार के तहत 393 नव चयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया था, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर 38 लाख करोड़ हो गया है, जिससे युवाओं को और अधिक रोजगार मिल सकेगा।

निवेश व रोजगार का प्रमुख गंतव्य बना उत्तर प्रदेश

सीएम योगी ने कहा कि अब यूपी निवेश व रोजगार का प्रमुख गंतव्य बन गया है। छह वर्ष पूर्व दंगे व अराजकता का बोलबाला होने से विकास नहीं हो पाता था। अब माहौल पूरी तरह बदल गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में आयुष चिकित्सा पद्धति व योग ने पूरे विश्व में अपना डंका बजाया। उन्होंने कहा कि भारत के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को पूरे विश्व ने हाथों हाथ लिया। ऐसे में युवा आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा आदि में करियर बनाने में संकोच न करें। जल्द युवाओं के लिए नए डिग्री व डिप्लोमा कोर्सेज शुरू किए जाएंगे। उन्होंने आयुष विभाग को निर्देश दिए।

कावेरी विवाद पर संकट गहराया

डीएमके पदाधिकारी के वायरल वीडियो से नया विवाद, चुनावी जीत के लिए डीएमके का हथकंडा: तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष

चेन्नई

सत्तारूढ़ डीएमके पदाधिकारी की एक वीडियो वायरल है जिसमें सहयोगी दलों के सदस्यों से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष खड़ा करने का "भ्रम पैदा करने" के लिए कहा जा रहा है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई ने इसे जनता को धोखा देने वाला कारनामा बताया है। दरअसल, बुधवार को कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक सरकार के खिलाफ डेल्टा जिलों में द्रमुक और उसके सहयोगियों के स्थानीय पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में किसान संघों और कई राजनीतिक दलों ने सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं जारी करने को लेकर कर्नाटक सरकार के विरोध में नागापट्टिनम, मयिलादुथुराई, तंजावुर और तिरुवरुर जैसे डेल्टा जिलों और चार पड़ोसी जिलों में बंद के आह्वान पर चर्चा की गई। इसी दौरान बैठक की एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें मयिलादुथुराई के डीएमके जिला सचिव और पूमपुहार विधायक निवेधा एम. मुरुगन, मयिलादुथुराई कांग्रेस विधायक एस. राजाकुमार समेत कई लोग शामिल थे।

सिक्किम आपदा :सेना ने बचाव कार्य तेज किया

गंगटोक

सिक्किम में आई बाढ़ के एक सप्ताह बाद मौसम साफ होने के साथ सेना ने बचाव कार्य तेज कर दिया है। सेना को इसी मौके का इंतजार था। मंगलवार को एक बार फिर से पर्यटकों को हवाई मार्ग से लाने के साथ दुर्गम स्थानों में बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तरी सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम सशस्त्र बलों ने फिर से शुरू कर दिया। सेना के अधिकारियों के मुताबिक लाचुंग और लाचेन में फंसे 95 लोगों को हेलीकॉप्टर से लाया गया। लाचुंग

के पहले समूह में 17 पर्यटक और लाचुंग गांव के दो स्थानीय लोग शामिल थे। हेलीकॉप्टरों ने सुबह क्षेत्र के लिए दो उड़ानें भरीं। लाचुंग से लोगों को गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे पर लाया जा रहा था। दो बच्चों सहित 76 फंसे हुए लोगों के पहले बैच को तीन उड़ानों में हेलीकॉप्टरों द्वारा लाचेन से निकाल कर उन्हें रिंगिम हेलीपैड, मंगन लाया गया। इसके एक दिन पहले लाचेन और लाचुंग से 360 से अधिक पर्यटकों को निकाला गया था। पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने मंगलवार को बताया कि हिमालयी राज्य में हाल ही में आई बाढ़ में मानव जीवन और बुनियादी ढांचे के नुकसान के बावजूद सिक्किम में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय सेना की परिचालन तैयारियां "अचूक" बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल सामने आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने कहा, "जहां तक परिचालन तैयारियों का सवाल है।

संजय सिंह की पांच की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड स्वीकृत की

संजय सिंह की रिमांड तीन दिन बढ़ी

नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले के मामले में आरोपी आप सांसद संजय सिंह को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने कोर्ट में संजय सिंह की पांच की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड स्वीकृत की। अब आप सांसद 13 अक्तूबर तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। ईडी ने कोर्ट में कहा कि घूस लेने के नहीं, घूस मांगने के सबूत हैं। शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई।

इससे पहले, संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने सांसद को पांच दिनों की ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड के दौरान सिंह से पूछताछ हुई तो वहीं दूसरी तरफ

उनके करीबियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। ईडी ने विवेक त्यागी और सर्वेश मिश्रा को समन जारी कर पूछताछ की। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट के बाहर संजय सिंह के हजारों समर्थक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

कोर्ट ने भेजा था पांच दिन की रिमांड परः गिरफ्तार राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 10 अक्तूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजा गया था। मामले में ईडी ने 10 दिन की कस्टडी मांगी थी। हालांकि कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए और इसके बाद सिर्फ पांच दिन की रिमांड दी।

ईडी ने रखी थी कोर्ट में दलीलेंः बीते गुरुवार को राउज एवन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष संजय सिंह को कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया था। ईडी ने संजय सिंह की 10 दिन की रिमांड मांगते हुए कहा था कि वह मामले में पूरी तरह से लिप्त हैं। ईडी के वकील ने कहा था ।

भारत ने पिनाका रॉकेट की पहली खेप मित्र देश आर्मेनिया को भेजी

ऑर्डिनेंस फैक्टरी, अम्बाझरी के वरिष्ठ महाप्रबंधक ने पहली खेप को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली

भारत ने पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) रॉकेट की पहली खेप मित्र देश आर्मेनिया को भेज दी है।

ऑर्डिनेंस फैक्टरी अम्बाझरी से रवाना की गई इस खेप के बारे में यह खुलासा नहीं किया गया है कि यह किस देश को भेजी गई है लेकिन भारत से पिनाका रॉकेट खरीदने वाला पहला देश आर्मेनिया ही है, जिसने पिछले साल सितंबर में 245 मिलियन डॉलर का ऑर्डर दिया था। ऑर्डिनेंस फैक्टरी, अम्बाझरी (ओएफएजे) के प्रवक्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर बताया कि पिनाका रॉकेट के लिए ओएफएजे ने वैश्विक मंच पर सफलतापूर्वक अपनी पहचान बनाई है। फैक्टरी के वरिष्ठ महाप्रबंधक सोमनाथ त्रिपाठी ने सभी हितधारकों की मौजूदगी में 05 अक्टूबर को निर्यात के लिए पिनाका एमके-क संवर्धित रॉकेट की पहली खेप हरी झंडी दिखाकर रवाना की है। यह उपलब्धि हमारी शिल्प कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है और हम अपने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं। हालांकि, पोस्ट में यह उल्लेख नहीं किया गया कि किस देश को रॉकेट की पहली खेप भेजी गई है, लेकिन यह संभवतः आर्मेनिया देश है।

मुनीम का कार्य करने वाले अधेड़ की धारदार हथियार से निर्मम हत्या, क्षेत्र में हड़कंप

अखंड भारत संदेश

सिरसा। यमुनापार मेजा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामनगर ग्राम हुल्का माइनर पर मुनीम का कार्य करने वाले अधेड़ व्यक्ति का अज्ञात कातिलों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर शव को फेंक दिया। इस निर्मम हत्या से पूरे मेजा क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार शिव बहादुर सिंह पुत्र बरम दिन सिंह (50) वर्ष निवासी रामनगर ठकुरान बस्ती का था। ऊंचडीह बाजार व सिरसा बाजार और मेजारोड़ बाजार में व्यापारी के यहां रहकर मुनिमी का कार्य किया करता था। सोमवार रात लगभग नौ बजे वह घर के लिए निकले थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उनकी हत्या कर दी। मंगलवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने शव देखकर परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से गांव में हड़कम्प मचा हुआ है। और गांव और गांव के आसपास लोगो मे तरह-तरह का चचाएँ हो रही हैं। लोगो मे मातम और भय का माहौल देखने को मिला है। मृतक के परिवार वाले अपने आपको सुरक्षित नही मान रहे हैं।

1916 से अनवरत चल रही महेवा कला की रामलीला के 108वें वर्ष 15 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ होने जा रहा शुरू

प्रदीप कुमार

मांडा। वर्ष 1916 से महेवा कला में अनवरत चल रही रामलीला 15 अक्तूबर 2023 को 108 साल पूरे करने जा रही है। यहां के रामलीला की सबसे खास बात यह है कि इसमें बिना शुल्क लिए गांव के ही पढ़े लिखे, अच्छे पदों पर नौकरी करने वाले लोग अभिनय करते हैं। रामलीला के प्रति गाव वालों का समर्पण भाव एवम उत्साह देखते ही बनता है। वर्ष 1916 में नवरात्र पर गांव के लोग मांडा राजमहल प्रांगण में हो रहे रामलीला को देखने के लिए गए। जहां लोगो ने देखा कि मंचन भक्तिपरक न होकर नाट्यपरक होने पर जल्दी समझ में आता है। तीन अक्तूबर 1916 दिन मंगलवार को महेवा कला गांव में पहली बार नककटैया का मंचन प्रारंभ किया गया, जो अब तक रामलीला के रूप में निरंतर जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की छत युक्त स्टेज पर नौ दिन रामलीला का मंचन किया जाता है। विजय दशमी की लीला गांव स्थित दशहरा मैदान में किया जाता है। अभिनय में ज्यादातर लोग नौकरीपेशा है। यही वजह है कि रामलीला की तैयारी, बैठकें अवकाश के दिनों में या देर रात होती हैं। इस बार की रामलीला 15 से 25 अक्तूबर तक होगी। पहले दिन मुकुट पूजा, नारद मोह का मंचन होगा। इसके अलावा 16 को तड़का वध, 17 को नगर दर्शन, 18 को धनुष यह व सीता स्वयंवर, 19 को राम वन गमन, 20 को राम भरत मिलाप, सीता हरण, 21 को राम सुग्रीव मिलन, 22 को सेतु निर्माण, 23 को मेघनाथ वध, 24 अक्तूबर को राम रावण वध व दशहरा का अयोजन किया जाएगा। वहीं 25 अक्तूबर को राम भरत मिलाप होगा। आयोजक मंडल ने बताया कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रामलीला मंचन को लेकर आसपास के गांव में भी काफी उत्साह है।

अभिनय पात्र : महेवा कला की रामलीला में अश्वनी श्रीवास्तव रावण का किरदार निभाते हैं। इसी तरह मानस मिश्रा राम, पीयूष पांडेय लक्ष्मण, अंकित शर्मा सीता, गुलाब पांडेय विश्वामित्र, पेठहवा राजा,मंथरा आदि किरदार निभाते हैं। देवी प्रसाद वैश्य विद्युत विभाग कर्मी दशरथ, जनक, विभीषण आदि का मंचन करते हैं। अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव- बाणासुर, कुम्भकरण आदि पात्रों के रूप में काम करते हैं। आशुतोष श्रीवास्तव कमेटी निदेशक दुष्टराजा का किरदार निभाते हैं। इसके अलावा अरुण वैश्य बाली और अनुज सुग्रीव का किरदार निभाते हैं।

न्यूज झरोखा

खुली बैठक में पतवां, मुतफर्का गांव की क्षमा राहुल पांडेय निर्विरोध कोटेदार चुनी गईं

प्रतापपुर। पतवां, मुतफर्का गांव में बीडीओ प्रतापपुर के निर्देशन में मंगलवार को नेवादा प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा खुली बैठक का आयोजन करके नये कोटेदार का चयन किया गया। पिछले वर्ष नौ सितंबर को गांव का कोटा निरस्त हो गया था इसके बाद गांव के लोगों को राशन लेने के लिए दूसरे गांव चौका में जाना पड़ता था कई दिनों से ग्रामीण गांव में नये कोटेदार के चयन की मांग कर रहे थे। हाईकोर्ट के निर्देश पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का चयन होना था लेकिन ब्लाक कर्मचारियों की हीलाहवाली के कारण खुली बैठक नहीं हो पाई, पिछले महीने 23 एवं 29 सितंबर तथा इस महीने 6 अक्टूबर को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान हेतु चुनाव की तिथि तय हुई थी लेकिन ब्लाक कर्मचारियों की हीलाहवाली के कारण चुनाव नहीं हो सका 10 अक्टूबर को पुनः कोटेदार चयन की तिथि तय हुई। जिसमें ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से खुली बैठक में क्षमा पांडेय पत्नी राहुल पांडेय को पतवां मुतफर्का गांव का निर्विरोध कोटेदार चुना गया।कोटेदार चयन के समय पुलिस चौकी जंघई स्टाफ एवं ब्लाक कर्मचारियों में महेंद्र यादव , अतर सिंह, चंद्रजीत यादव, संदीप पटेल मौजूद रहे। नव निर्वाचित कोटेदार क्षमा राहुल पांडेय को इंजीनियर घनश्याम पांडेय, बृजेश मिश्रा, हरिशचंद्र मिश्रा, पिंटू मिश्रा प्रधान, सभाजीत पांडेय, गणेश पांडेय, प्रभात पांडेय, विनोद पांडेय, सार्जन यादव, भोला बीडीसी, लालजी पांडेय, बलराम, सिंटू आदि लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दिया है चुनाव के समय सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

विद्यार्थी के विकास में आधारशिला हैं खेलकूद प्रतियोगिता : डॉ. पीएन सिंह

करछना। प्रयागराज मोती लाल नेहरू पीजी कॉलेज कौंधियारा में 67 वीं सम्भागीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक डा पीएन सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ ध्वजारोहण कर व आसमान में कबूतर छोड़कर किया और प्रतिभागी छात्रों से बैंड धुन के साथ मार्च पास्ट के दौरान सलामी भी दी। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों से प्रधानाचार्यों व मैदान उपस्थित खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थी के विकास की आधारशिला है। इस लिए खेलकूद की गतिविधियों में भाग लेकर प्रतिभागी को अपने श्रेष्ठ कौशल का प्रदर्शन करना चाहिए।शिक्षा के साथ साथ खेल के माध्यम से नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों से आए सभी एथलीटों का मनोबल बढ़ाते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख कौंधियारा पं इंद्रनाथ मिश्र ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष सिंह व प्रेम प्रकाश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पं राजेंद्र मिश्र बबुआन ने स्वागत दिया। प्रतियोगिता के संयोजक अमित पांडेय व प्रदीप सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व क्रीड़ाध्यक्षो के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज पाण्डेय ने किया।खेल प्रशिक्षक बुलंद प्रताप राय के दिशा निर्देशन में 800,400,200,100 मीटर बालक, बालिका दौड़ के साथ रिले दौड़,लम्बी कूद, डिस्कस,भाला,हैमर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इस अवसर पर करछना खेलकूद संयोजक मदन मोहन शंखधर,डॉ संतोष सिंह,सूर्यकांत त्रिपाठी, ओम प्रकाश मिश्र,कृष्ण प्रकाश तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

आदर्श रामलीला कमेटी भोपतपुर की बैठक संपन्न मंचन 17 अक्टूबर से

सहसों। भोपतपुर व मीरापुर की संयुक्त आदर्श रामलीला कमेटी की बैठक कृष्ण राज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कमेटी के निर्देशक लाल जी प्रजापति ने बताया कि 15 अक्टूबर को कर्ण घोड़ा निकाला जाएगा एवं 16 अक्टूबर को मुकुट पूजन व मंच पूजन तथा 17 अक्टूबर से नारद मोह की लीला के साथ मंचन प्रारंभिक किया जाएगा। तत्पश्चात 28 अक्टूबर को दशहरा का मेला एवं 29 अक्टूबर को भरत मिलाप के साथ रामलीला का समापन होगा। बैठक में संरक्षक अनिल स्वर्णकार, अध्यक्ष महेंद्र सिंह, प्रबंधक महेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सूर्यभान यादव, कोषाध्यक्ष कृष्णराज सिंह, पात्र संचालक राकेश शर्मा, उप निदेशक रमेश शर्मा, भोलानाथ सोनी, हरिभान सिंह, धीरेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि चंद्रभान सिंह, कुलदीप सिंह, अनिल सिंह, अधिवक्ता राजेंद्र सिंह, शिव प्रसाद शर्मा एवं संयोजक राम कुमार सोनी उर्फ पुट्टीलाल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद आगे कदम बढ़ाना होगा : श्वेता रंजन निषाद

अखंड भारत संदेश

करछना। विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में मंगलवार को पंचायत सचिवालय पर आशा, आंगनवाड़ी तथा समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक करछना की पत्नी श्वेता रंजन निषाद ने समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समूह की महिलाओं की पीड़ा को सुना जिसमें दो दर्जन से अधिक समूह की महिलाओं ने अपनी पीडा का दुखड़ा सुनाया प्रमुख मुद्दे उनके जीविकोपार्जन से जुड़ा रहा समूह से जुड़ी महिलाओं को समुचित व्यवस्था घरेलू खर्च न चलने पर चिंता जताई वहीं सरकार द्वारा जीविकोपार्जन के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर अपनी आवाज बुलंद की साथ ही पंचायत स्तर पर उन्हें आवास, नाली, शौचालय आदि समस्याओं से जुडी समस्या भी ब्यक्त की, महिलाओं की पीड़ा से रूबरू होते हुए विधायक पत्नी स्वेता रंजन निषाद ने कहा कि महिलाओं को खुद आत्मनिर्भर बनना होगा अपने स्तर से प्रयास करें और रोजगार के अवसर तलाश करके आत्म निर्भर बनें और जो भी समूह स्तर से अथवा शासन स्तर पर मदद की जरूरत होगी महिलाओं को दिलाने के साथ साथ खुद उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान घोरहट नन्हे पांडेय ने समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया और समूह के महत्व को बताया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने महिलाओं को आगे आकर विकास की गति बढ़ाने हेतु प्रेरित किया तथा ब्लॉक के द्वारा हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया प्रधान मंजू पांडेय ने ग्राम सभा को महिलाओं की हर प्रकार की समस्याओं को सुनकर निदान का आश्वासन दिया इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पाण्डेय मंडल प्रधान संघ अध्यक्ष श्री कमल मिश्रा प्रधान टकटैया प्रमोद सोहगौरा अवधेश पाण्डेय एडवोकेट राम सनेही पटेल दरबारी लाल रामबाबू, मोनू तिवारी सत्यदेव पांडेय एएनएम सविता मिश्रा राजू समूह की महिलाओं में में संगीता गौड़ , मेनका पांडेय साधना पांडेय पूजा विश्वकर्मा लक्ष्मी राजकुमारी सरस्वती आदि मौजूद रही।

दुगार्पूजा और विजय दशमी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

मऊआइमा। मऊआइमा थाना परिसर में दुगार्पूजा और विजय दशमी सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक पुलिस उपायुक्त फूलपुर मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई। मऊआइमा थाना परिसर में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पीस कमेटी की बैठक में कहा गया।किसी तरह डीजे को तेज आवाज में न बजाएं तथा विषेश कर कम्पीटीशन न करें। थोडी थोडी बातों को मुद्दा न बनाएं। कोई बात है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।और कोई नई परम्परा की शुरूआत न हो। नगर पंचायत सफाई व्यवस्था और पानी की व्यवस्था करेगा।बिजली विभाग से बात करने को कहा गया है।इस अवसर पर ए सी पी फूलपुर मनोज कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, संजय मौर्या, के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मो शोएब अंसारी, मुदित खत्री, जलालुद्दीन, मुन्ना, मोआलम, ग्राम प्रधान चंद्रसेन यादव, शाहजाद, वलीद अंसारी, भारत यादव ,मन्ना मोदनवाल,सचिन साहू,मुजीब,तीरथ यादव, बिजली कर्मी लाल चंद्र, अशोक कुमार आदि के अलावा बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता से मिलती है अनुशासित रहने की सीख : दीनानाथ यादव

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। खेल प्रतियोगिता के आयोजन से जहां आपसी भाईचारे में प्रगाढ़ता आती है वहीं खिलाड़ियों को अनुशासित रहने की भी सीख मिलती है। यह बातें मंगलवार को कनौजा कला गांव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य दीनानाथ यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कही। समाजवादी पार्टी के संस्थापक व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व०मुलायम सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की मुलायम सिंह का खेल व खिलाड़ियों से अपार स्नेह रहता था। शिक्षक, विधायक से मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री का सफर तय करने वाले मुलायम सिंह खुद एक प्रसिद्ध पहलवान थे। देश के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए

सपा संस्थापक की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित की गई कबड्डी जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ यादव ने फीता काटकर किया शुभारंभ

उन्होंने खेल को खेल की भावना से ही खेलने की सलाह खिलाड़ियों को दी। मौके ग्राम प्रधान कमलेश यादव,आकाश यादव,महेश व कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजक मंडल के साथ विभिन्न टीमों के खिलाड़ी व दर्शक मौजूद रहे।

नेताजी को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने की मांग

करछना। समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र करछना द्वारा स्वर्गीय नेता जी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि आज डीहा स्थित सभागार में मनाई गई। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के जिला महासचिव इंजीनियर जगदीश सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीपीसीएल के यूनियन के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव जी ने नेताजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला सचिव गण छोटेलाल शर्मा ,कमलेश पुष्कर ,बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. उमेश यादव ,विधानसभा सचिव गण डॉ. अफजल सिद्दीकी ,मुनेश विश्वकर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने किया। वक्ताओं ने नेताजी के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों चिकित्सा, शिक्षा एवं किसानो तथा नौजवानों, दलितो, पिछड़ों, अल्पसंख्यको तथा शिक्षकों के हित में किए गए कार्यों की भूरिझभूरि प्रशंसा की गई तथा रक्षा मंत्री के रूप में शहीदों के परिजनों को केंद्र से सहायता उपलब्ध कराने तथा उनके पार्थिव शरीर को घर तक ससम्मान पहुंचाने का प्रावधान बनाया। लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन देने की व्यवस्था स्वर्गीय नेताजी ने ही किया था। वक्ताओं ने नेताजी को मरणो उपरांत भारत रत्न से सुशोभित करने की मांग की। पार्टी महासचिव द्वारा पदाधिकारियो के साथ गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोशन लाल प्रजापति, विधानसभा महासचिव प्रदीप निषाद, प्रकाश विश्वकर्मा ,सिपाही लाल यादव, गजराज निषाद, डॉ विजय यादव, रजनीश, राम लाल निषाद, राम दर्शन, अशोक, चंद्र विजय, धनंजय यादव, सुभाष, बाबा यादव, प्रमोद निषाद, शाहबाज हक, नंदलाल यादव, देवनारायण, प्रमोद, बालकुमार, राजीव आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शिव विजय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

गौहनिया में सपाइयों ने मुलायम सिंह यादव की मनाई पहली पुण्यतिथि

घूरपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मंगलवार के दिन गौहनिया स्थित बारा विधान सभा कार्यालय में सपाईयों ने पहली पुण्यतिथि मनाई। पूर्व सीएम की पुण्यतिथि पर बारा विधान सभाअध्यक्ष भागीरथी बिंद ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की यूपी की राजनीति में एक अलग ही पहचान रही है. वो जमीन से जुड़े नेता थे, जिसके चलते उन्हें 'धरती पुत्र' भी कहा जाता था। प्रभारी जय शंकर भारती ने कहा कि आम लोगों के साथ आत्मीय कनेक्शन और खांटी समाजवाद के प्रतीक मुलायम सिंह को लोग प्यार से नेताजी भी कहते थे। ब्लाक अध्यक्ष बलबीर सिंह पटेल ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने यूपी की राजनीति ही बदल कर रख दी. उन्होंने छात्र जीवन से राजनीति में कदम रखा और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. इसके बाद वो देश के रक्षामंत्री और तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री भी बने. आज समाजवादी पार्टी प्रदेश की दूसरी सबसे ताकतवर पार्टी है। ब्लाक उपाध्यक्ष डा. लाल चंद्र पटेल ने कहा कि देश में मुलायम सिंह यादव पिछड़ों के सबसे बड़े नेता थे। उन्होंने ने ही पिछड़ों को राजनीति में पहचान दिलाई थी। पुण्यतिथि समारोह में सर्व प्रथम सपाईयों ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। और उनके विचारों को आत्मसात कर पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। दुर्गा कुशवाहा, दुलम यादव, विजय बागी, रामानंद यादव, अमित भारतीय, मानस राज यादव, बबलू यादव, सुधाकर यादव, सुनील यादव, वंशराज यादव आदि दर्जनों सपाई श्रद्धांजलि अर्पित किया।

धरतीपुत्र पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की मनाई गई पुण्यतिथि

नैनी। नैनी समाजवादी पार्टी शहर दक्षिणी विधानसभा के उपाध्यक्ष सत्यगोपाल यादव नैनी बाजार कार्यालय पर धरतीपुत्र पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह का प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया अध्यक्षता सपा महानगर सचिव सुभाष चंद्र केसरवानी तथा संचालन शहर दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद अजहर ने किया बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने मुलायम सिंह के चित्र फूल चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित किया उक्त बैठक में मुख्य रूप से सुभाष चंद्र केसरवानी मोहम्मद अजहर अजय यादव सदगोपाल यादव राजेश यादव महेश यादव राजेश श्रीवास्तव कमाल अहमद राजू पटेल विनय यादव राजेश केसरवानी मुकेश जायसवाल एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सपा कार्यालय पर मनाई गई धरतीपुत्र मुलायम सिंह की प्रथम पुण्य तिथि

पसना। समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री माननीय मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि कोरांव विधानसभा कार्यालय पर मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व रक्षा मंत्री एवं नेताजी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह जी की पुण्यतिथि पर उपस्थित सपा कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन आदर्श एवं मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कोरांव विधानसभा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष सोमदत्त पटेल ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा खासकर दलित एवं पिछड़ों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के प्रति आभार जताया। ज्ञातव्य हो कि पिछले वर्ष 10 अक्टूबर को को अपने 83 वें जन्मदिन से ठीक 42 दिन पहले मुलायम सिंह ने गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल में आखिरी सांसें ली थी आज उनकी पहली पुण्यतिथि है।इस अवसर बोलते हुए सपा के नेता व क्षेत्रपंचायत सदस्य यादवेंद्र अहीर ने कहा कि नेताजी द्वारा स्थापित पार्टी को पुनः सत्ता में लाने का संकल्प ही हम सबके लिए आदरणीय नेता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि साबित होगी। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में सोम दत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष,राम प्रवेश कुशवाहा वरिष्ठ सपा नेता,मंगलदेव कोल उमाशंकर पटेल,पुष्कर यादव,यादवेंद्र अहीर अश्विनी पटेल,नौशाद अली,बंसराज यादव, केसरी कुशवाहा,हरि प्रसाद पाल आदि समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुष्पतिथि पर आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा

सिरसा। मेजा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री धरतीपुत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की पहली पुण्यतिथि पर एसडीपब्लिक स्कूल रामनगर सिरसा मेजा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें नेताजी के चित्र पर सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप सिंह पटेल (विधायक) मेजा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी विजय राज सिंह यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन नियाज अंसारी ने किया ।कार्यक्रम में नेताजी के जीवन पर विस्तृत चर्चा हुई एवं उनके मुख्यमंत्रित्व काल महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान प्रतिनिधि रामनगर नीरज सिंह यादव, राम बहादुर सिंह, कमला पटेल ,रियाज अहमद , रक्षा मंत्री यादव ,पिंटू , कादरी दिलीप दुबे, संजय केसरी,असर्फी लाल पाल, समर बहादुर बिंद, गोपी श्याम यादव ,राजेश पाल अनिल यादव एडवोकेट , एडवोकेट वीरेंद्र यादव, गुड्डू प्रधान ,निरजेश बिंद और समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं और लगभग सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अपाचे सवार उचक्कों ने मोबाइल पर बात कर रहे युवक का मोबाइल छीन हुए फुर्र

सहसों। थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने सड़क के किनारे मोबाइल से बात करते हुए युवक का अपाची बाइक सवार उच्चकों ने उसका मोबाइल छीनकर भाग निकले पीड़ित युवक ने थाने में अज्ञात बदमाशो के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ापुर गांव निवासी कपिल कुमार पुत्र हुबलाल का आरोप है कि वह मंगलवार को अपने मौसी के घर बगई गया था वहां से घर वापस लौटते समय लगभग 3 बजे वह थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने पहुंचा ही था कि उसी समय उसके मोबाइल की घंटी बजने लगी तो वह सड़क के किनारे खड़ा होकर मोबाइल से बात करने लगा इसी बीच सफेद अपाची सवार 2 अज्ञात उच्चके प्रयागराज से फूलपुर की ओर जाते समय उसका मोबाइल छीनकर तेज रफ्तार से भागने लगे पीड़ित युवक शोर मचाते हुए अपने मोटर साइकिल से उचक्कों का कुछ दूर तक पीछा किया। किंतु उच्चके भाग निकले काफी देर तक उक्त मोबाइल पर घंटी बजती रही उक्त मोबाइल का लोकेशन प्रतापपुर के पास बता रहा है। पीड़ित की तहरीर पर थाना प्रभारी लोकेंद्र त्रिपाठी ने उक्त मोबाइल को सर्विलांस पर लगा दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि उच्चके जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे और पीड़ित युवक का मोबाइल उसे दिलाया जायेगा।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

ब्लॉक मुख्यालय पर प्रधानों ने मासिक बैठक कर अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

कोरांव। अखिल भारतीय प्रधान संगठन कोरांव की एक मासिक एवं आवश्यक बैठक संपन्न हुई रामानुज सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष ने की प्रधान संगठन के पदाधिकारीजनो ने ग्राम पंचायत कुकुरहटा तथा ग्राम पंचायत अल्हवा के उत्पीड़नात्मक कार्यवाही कोरांव पुलिस द्वारा सहयोग न कर उल्टा विपक्षी अपराधियों के ही इसारे पर कार्यवाही किये जाने तथा डीएम प्रयागराज से लेकर उपायुक्त जमुनापार पार के अफसरों को विडिओ कोरांव द्वारा दिए गए माँग पत्र के बावजूद प्राथमिकी न दर्ज किये जाने पर नाराजगी जताई हैं साथ ही प्रधान गड़िया मुरलीपुर के प्रधान अनुसूचित जाती और भूमिहींन होने के कारण पीएम आवास प्रधान की पत्नी के नाम मिलने पर साठ साल से आवाद ग्राम समाज की भूमि पर आबाद कच्चे मकान पर आवास निर्माण किये जाने गांव के सरहंगो द्वारा रोकवाने व हस्तक्षेप किये जाने की शिकायत की गई हैं जिसकी निमित्त प्रधान संगठन ने ब्लाक से लेकर तहसील और पुलिस अधिकारियो तक आवास निर्माण मे ब्यवधान डालने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की माँग किये हैं। तीन सूत्रीय माग पत्र के साथ विडिओ कोरांव के द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज को ज्ञापन सौपा गया और तत्काल प्रभावी कार्यवाही की माग की गई। बैठक मे ब्लाक अध्यक्ष रामानुज यादव वेद प्रकास सिंह, तथा अहद अहमद सिद्दीकी ग्राम प्रधान ज्ञान सिंह पटेल,सद्दाम, सिधमुनी, शिवलाल कनोजिया विभिन्न ग्रामो के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे

सेवानिवृत्त होने पर परिजनों में खुशी

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के मांडा अंतर्गत मांडा खास निवासी मांडवी लाल ने अपने 39 साल पुलिस विभाग में सेवा करने के बाद 30 सितम्बर को हेड कांस्टेबल के पद से सेवानिवृत्त हुए । सेवानिवृत्त होने पर फतेहपुर जिले के घोष थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात रहे मांडवी लाल का थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश प्रताप सिंह ने अपने समस्त स्टाफ के साथ भावभीनी विदाई की। वहीं सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबल के घर मांडा खास इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में खुशी दौड़ गई और बताया कि वे अपने कार्यकाल में सकुशल सेवा कर घर के लिए लौटे। इससे मांडा क्षेत्र में काफी खुशी व्याप्त हैं। जहां सेवा काल के दौरान पोस्टिंग लखनऊ ,उन्नाव,मिजार्पुर, सोनभद्र, गाजीपुर, फतेहपुर जैसे जिलो में अपनी सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए।

झूंसी डॉट पुल का चौड़ीकरण का काम शुरू ध्वस्त हुआ पुराना पुलिया

झूंसी। नई झूंसी मार्ग पर स्थित झूंसी रेलवे डाट पुल के चौड़ीकरण के लिए एक सप्ताह पूर्व रास्ता बंद कर दिया गया था जिससे उक्त मार्ग से गुजरने वाले लोगों को दूसरे मार्गों से गुजर कर जीटी रोड से शहर की ओर आना जाना पड़ रहा था। रेलवे डाट पुल के बगल में एक पुलिया ध्वस्त कर दिया गया। जिससे पैदल आना जाना भी बंद हो गया। अब लोगों को अंदावा बाईपास व गंगा किनारे वाले मार्ग से जीटी रोड पर तक पहुंचना पड़ेगा।

बहरिया पुलिस ने किया खुलासा

जिला पंचायत सदस्य निकला कार लुटेरा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। बहरिया पुलिस ने कार चोरी के आरोप में जिला पंचायत सदस्य आशीष यादव को गिरफ्तार किया है। वहां चोर सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ में आए हैं। आरोपी के कब्जे से चोरी कर, 1 अवैध तमंचा और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी रानीगंज से जिलापंचायत सदस्य है। कार बुक की और तमंचे की नोक पर लूट ली : जय सिंह यादव पुत्र रामराज यादव निवासी खांखापुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ अपनी अर्टिगा कार ट्रैवल में चलाते थे। 26 सितंबर को जय सिंह को मोबाइल फोन से एक बुकिंग मिली। बुकिंग फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ से प्रयागराज के लिए की गई थी। बुकिंग आशीष यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी रामपुर दुबे पट्टी रानीगंज ने की थी। उसके साथ दो लोग और थे। जय सिंह कार लेकर थाना बहरिया क्षेत्रान्तर्गत मुबारकपुर पहुंचे ही थे कि कार सवार लोगों द्वारा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुये उनसे कार लूट ली। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज हैं 8 मुकदमे : इस मामले में पीड़ित जय सिंह ने बहरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद पुलिस कार चोरों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र की तहत लगाए गए कैमरों की मदद से इस लूट की घटना का सफल अनावरण किया जा सका है। एसओजी गंगानगर और बारिया पुलिस की टीम ने आज आशीष यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी खामपुर दुबे पट्टी थाना रानीगंज प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी के बाद निशानदेही पर पेट्रोल पंप के पास लूटी गई अर्टिगा कार भी बरामद कर ली गई है। उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर का वा दो 315 बोर के जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जनपदों में 8 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और रानीगंज से जिला पंचायत सदस्य भी है। आशीष यादव के साथ दो अन्य अभियुक्त कौन थे उनकी गिरफ्तारी का पुलिस अभी प्रयास कर रही है।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता कल से, सांसद रीता जोशी खिलाड़ियों में भरेंगी जोश

दस साल बाद शंकरगढ़ में हो रही जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

शंकरगढ़। शंकरगढ़ में दस वर्ष बाद हो रही 67वीं जनपदीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज 12 अक्टूबर से हो रहा है। दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 13 अक्टूबर को होगा। इस प्रतियोगिता में जिले की सभी सातों तहसीलों (मेजा, बारा, करछना, कोरांव, हंडिया, फूलपुर और सोरांव) समेत दो संभागों (उत्तर संभाग और दक्षिण संभाग) के करीब एक हजार खिलाड़ी भाग लेंगे। उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने बताया कि यह राजा कमलाकर इंटर कालेज के लिए गौरव की बात है, जो उसे इतने बड़े, जिला स्तरीय आयोजन के लिए चुना गया। जिले भर के खिलाड़ियों के स्वागत के लिए कालेज प्रबंधन पूरी तरह से तैयार है। पत्रकारों से बातचीत में प्रधानाचार्य ने बताया कि यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है कि ग्रामीण इलाके में 2012 के बाद एक बार फिर राजा कमलाकर को जनपदीय प्रतियोगिता की मेजबानी का मौका मिला है। 12 अक्टूबर को सुबह दस बजे सांसद रीता बहुगुणा जोशी इस आयोजन का उद्घाटन करेंगी। इसके अलावा आयोजन की अध्यक्षता पूर्व आईजी कवींद्र प्रताप सिंह करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडलीय उप शिक्षा निदेशक आरएन विश्वकर्मा, डीआईओएस पीएन सिंह, डीआईओएस द्वितीय रमेश तिवारी मौजूद रहेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि इसमें जनपदभर के अलग-अलग स्कूलों, कालेजों से करीब 1000 खिलाड़ी और 200 कोच भाग लेने आ रहे हैं। यह प्रतियोगिता पूरी तरह से आवासीय है। दस वर्ष बाद हो रही प्रतियोगिता का समापन 13 अक्टूबर को दूसरे पहर तीन बजे होगा। समापन समारोह के चीफ गेस्ट सचिव उत्तर प्रदेश माशिप दिव्यकांत शुक्ल होंगे। संयोजक डा. बृजेश कुमार यादव और क्रीड़ाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने संयुक्त रूप से बताया कि आयोजन के लिए मैदान व आवासीय सुविधा बनाई जा रही है। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बालक-बालिकाओं के अलग-अलग रहने के लिए इंतजाम किए गए हैं।

न्यूज झरोखा...

शुआट्स बीएड विभाग के प्रशिक्षकों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया

नैनी। नैनी विद्यालय परिसर में विगत एक माह से शिक्षण कार्य कर रहे शुआट्स बीएड विभाग के प्रशिक्षकों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य भागवत प्रकाश कुशवाहा रहे एवं विशिष्ट अतिथि विश्वास बीएड विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर संगीता अल्फ्रेड रही। सभा की अध्यक्षता प्रधानाचार्य स्वामी नाथ त्रिपाठी ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राम प्रकाश मिश्रा ने किया। विदाई समारोह के अवसर पर भागवत प्रकाश कुशवाहा (मुख्य अतिथि) ने प्रशिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की डॉक्टर संगीता अल्फ्रेड ने बच्चों को अवसाद से मुक्ति पाने का उपाय बतलाया तथा शिक्षण विधियां की बारीकियां पर दृष्टिपात किया। प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यार्थियों का पद प्रशस्त करने का आशीर्वाद दिया वहीं डॉक्टर राम प्रकाश मिश्रा ने एक अच्छे शिक्षक के गुणों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर सुभाष चंद्र पांडे पार्षद रबी विद्यालय के शिक्षक रचना सिंह सतीश कुमार अजीत कुमार एवं शिवाकांत उपस्थित रहे ।

पितरों एवं पूर्वजों की आत्मा के मोक्ष के लिए कराया भोजन एवं दिया दान

प्रयागराज। श्रीमनकामेश्वर मंदिर व बड़े हनुमान जी मंदिर के प्रांगण में जय माधव सेवा संस्थान के माध्यम से पितृपक्ष के पावन अवसर पर बुजुर्ग वृद्धजनों को भोजन प्रसाद वस्त्र फल बर्तन का दान वितरण आदि किया गया जिसमें असहाय गरीब वंचितों को सहायतार्थ सामग्री का वितरण किया गया।कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। संस्थापक जय माधव सेवा संस्थान के अनंत पांडेय उर्फ डंपी भैया ने बताया की सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के पितृ पूर्वजों के आत्मा को मोक्ष प्राप्ति प्रदान हेतु गरीब असहाय वंचित बेसहारा लोगों को वस्त्र बर्तन फल अन्य वह सभी सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री मनकामेश्वर मंदिर महंत ब्रह्मचारी श्रीधरानंद महाराज, ब्रह्मचारी विधायनंद जी महाराज, अन्तर्राष्ट्रीय ब्रह्मऋषि श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा आदित्य जी महाराज, ब्रह्मचारी श्री रामदास जी महाराज, आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल गुरु जी और संस्था के हनुमान शंशाक पाठक माठा, दीपक शर्मा, सौरभ तिवारी, एडवोकेट विजय शुक्ला, मनीष पांडेय, गोपाल जी पाठक, पिंटू शुक्ला, अमन केसरवानी, नीरज,आशीष केसरवानी,लालू जायसवाल आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

आवास के लाभार्थी निर्माण पूर्ण नहीं किए तो होगी रिकवरी : बीडीओ

अखंड भारत संदेश

कोरांव। विकास खंड कोरांव में पीएम और सीएम आवास के कुल लगभग 88 लाभार्थियों के विरुद्ध रिकवरी की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही करीब 1500 लाभार्थियों के अधूरे निर्माण कार्य पाए जाने पर लाभार्थियों सहित संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों और मनरेगा से जुड़े ग्राम के कर्मियों के विरुद्ध चेतावनी जारी की जा रही है। उक्त बातें धीरेंद्र कुमार सिंह यादव बीडीओ कोरांव ने इस समाचार पत्र प्रतिनिधि को दी। साथ ही खंड विकास अधिकारी ने बताया कि कोरांव में कुल 115 ग्राम पंचायतों में 88 ऐसे लाभार्थी सत्यापन में मिले कि जिन्होंने 40 हजार रुपए की प्रथम किश्त प्रदान किए जाने के बावजूद अभी तक आवास निर्माण ही नहीं शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि जब लाभार्थी को आवास नहीं मिलता तो हर जगह दौड़ते हैं जब लाभ मिलता है तो पैसे खर्च करके कोई न कोई परेशानी बता कर जल्द ही बनवा लेने का आश्वाशन देते हैं। बीडीओ ने बताया कि कुल 1500 आवास लाभार्थी दूसरी किसतें भी प्राप्त कर चुके हैं किंतु आवासों की छत नहीं डाल रहे हैं। ऐसे लापरवाह लाभार्थियों के विरुद्ध सासनादेश के तहत यदि समय रहते निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करते तो रिकवरी की कार्यवाही की जाएगी इसके लिए लाभार्थी जिम्मेदार होंगे। श्री यादव ने कहा कि इस माह के अंदर यदि निर्माण नहीं पूर्ण हुआ तो वसूली की कार्यवाही होगी और पंचायत के जिम्मेदार लोग भी जवाब देह होंगें। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि इस ब्लॉक में कुल प्रधान मंत्री आवास योजना के 826 तथा मुख्य मंत्री आवास योजना के कुल 1012 लाभार्थी कोल आवास शहायता योजना के हैं जिन्हे तत्काल निर्माण कार्य हेतु उनके बैंक खातों में पहली किश्त भेज दी गई है। जिनके यहां नहीं पहुंचा होगा उनके भी खातों में धनराशि भेजी जा रही है। बीडीओ ने बताया कि नए आवास लाभार्थियों के जीरो टेकिंग सरकार के फरमान आने पर ही संभव है। उन्होंने प्रधान बंधुओं से आग्रह किया कि आप सब अपने अपने ग्राम पंचायतों में आवास पूर्ण कराने में दिलचस्पी से लगें अन्यथा हमारी आपकी सासन की निगाह में किरकिरी होगी। साथ ही समस्त प्रधानों और सचिवों से अपने अपने ग्राम में पेंशन लाभार्थियों जो साठ साल पार कर लिए और जो पात्र गृहस्थी के लाभार्थी और पंजीकृत श्रमिक हैं उनका आयुष्मान कार्ड तत्काल प्रभाव से बनवाना सुनिश्चित करें,जिससे सभी को लाभ मिले।

भागीदारी पार्टी (पी) के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सोरांव को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

सोरांव। मंगलवार को सोराव तहसील में भागीदारी पार्टी (पी) के कार्यकताओं ने सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी मुदार्बाद के नारे लगाते हुए 10 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम से एसडीएम सोरांव के द्वारा सौंपा गया।

भागीदारी पार्टी द्वारा सोराव तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को दोपहर में प्रदेश में बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी व 33% महिला आरक्षण बिल को तत्काल लागू करने सहित पूरे 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिए। तथा एसडीएम सोरांव गणेश कनौजिया के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को 10 सूत्रीय मांगों में जिसमें उत्तर प्रदेश में निरंतर बढ़ रहे गैस सिलेंडर के दाम, डीजल, पेट्रोल, सीएनजी,सरसों का तेल, दाल, चावल, आटा सहित सभी खाद्य सामग्री के मूल्य कम करने तथा महिलाओं को 33% आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू करवाने बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी जातिवाद जनगणना करवाने,बेतहाशा बढ़ रहे बिजली मूल्यों को कम करवाने, उत्तर प्रदेश में किसानों को खाद, उर्वरक, कीटनाशक,बीज सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराने, प्राथमिक स्तर पर तकनीकी शिक्षा लागू करना, बिहार सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में शराब पूर्णता बंद किया जाना, प्रत्येक मतदाता को ?5000 मासिक मतदाता पेंशन दिए जाना, गरीब कल्याण कार्ड लागू किया जाना जैसे 10 सूत्रीय मांगों को उप जिलाधिकारी गणेश कनौजिया के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह प्रजापति, प्रदेश सचिव बाला प्रसाद कुशवाहा, पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन, डॉक्टर मिथिलेश कुमार, मंडल अध्यक्ष सुनील प्रजापति, आदर्श यादव, रविंद्र प्रकाश सरोज, जिला अध्यक्ष गंगापार महिला मोर्चा रूपा देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कॉटन मिल के सामने विरोध के बीच हटाई गई फुटपाथ से दुकानें, नैनी थाने की फोर्स ने मोर्चा संभाला और आक्रोशित दुकानदारों को हटाया

नैनी। नैनी में स्वदेशी कॉटन मिल के सामने वेंडिंग जोन को अवैध कब्जेदारों से फुटपाथी दुकानें हटाने गए नगर निगम के प्रवर्तन दल को विरोध का सामना करना पड़ा। प्रवर्तन दल मंगलवार को नैनी के स्वदेशी कॉटन मिल के सामने वेंडिंग जोन को अवैध कब्जेदारों से खाली कराने गया था। पास में ही फुटपारथी दुकानों से मार्ग पर जाम दिखाई पड़ा। अपर नगर आयुक्त अरविंद राय के नेतृत्व में प्रवर्तन दल दुकानें हटाने लगा तो विरोध शुरू हो गया। विरोध करने वालों में एक महिला भी थीं, जो टाउन वेंडिंग कमेटी से जुड़ी बताई जा रही हैं। महिला का कहना था कि फफुटपारथी दुकानों को हटाने से पहले सरकार वेंडिंग जोन की व्यवस्था करे। विरोध बढ़ने पर प्रवर्तन दल के साथ गई नैनी थाने की फोर्स ने मोर्चा संभाला और आक्रोशित दुकानदारों को हटाया। इसके बाद नैनी सब्जी मंडी से भी यातायात में व्यवधान पैदा करने वाली दुकानें हटाई गई। सब्जी मार्केट में कम से कम तीन अवैध गुमटी तोड़ी गई। इससे पहले प्रवर्तन दल ने पुलिस की मदद से वेंडिंग जोन के अवैध कब्जेदारों को हटाया। वेंडिंग जोन की गुमटियों में कई बेघर परिवार रह रहे थे। प्रवर्तन दल ने सभी अवैध कब्जेदारों को निकालने के बाद गुमटियों में मूल आवंटियों को कब्जा दिलाया। कब्जा दिलाने के साथ आपर नगर आयुक्त ने चेतावनी दी कि आवंटियों को वेंडिंग जोन में ही दुकाने लगानी होंगी। अब सड़क किनारे दुका्ने लगाई तो आवंटन निरस्त किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद शाम को फिर सड़कों किनारे दुकानें लग गई।

करेली में युवक ने लगाई फांसी,पिता चलाता है चाट की दुकान

प्रयागराज। करेली इलाके में एक युवक ने आज मंगलवार को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। चाट वाली गली में रहने वाले बद्री प्रसाद चाट की दुकान लगाते हैं। उनका 25 वर्षीय बेटा सतीश केसरवानी मोनू पढ़ाई करता है। मोनू प्रतिदिन की तरह मंगलवार को अपने कमरे में गया। मौका देखकर कमरा अंदर से बंद कर लिया। पंखे में फांसी के फंदे पर लटक गया। कुछ देर तक वह नहीं दिखा तो परिवार वाले कमरे की तरफ गए तो पता चला कि कमरा अंदर से बंद है। परिवार वाले खिड़की से देखे तो मोनू फांसी के फंदे पर झूल रहा था। पुलिस को सूचना देते हुए दरवाजा तोड़ा गया लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी।करेली थाना के प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि युवक के सुसाइड करने के पीछे क्या वजह यह इसकी जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया जांच में पता चला कि पारिवारिक कलह के चलते उसने सुसाइड किया है। शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

ससुराल पक्ष वालों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

सोरांव। थाना क्षेत्र के मुरादपुर उर्फ खिदिरपुर में दहेज हत्या को लेकर मृतिका के पिता ने चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या जैसे संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया। लालता प्रसाद यादव पुत्र स्वर्गीय रामनाथ यादव निवासी बजाई (बनवारी का पूरा) थाना बहरिया का आरोप है कि मेरी बेटी की शादी 5 साल पहले सूरज यादव पुत्र जीत लाल यादव निवासी खिदिरपुर थाना सोरांव के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की गई थी। तथा अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज भी दिया गया था। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों ने मेरी बेटी से पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। जब बेटी ने यह सब बातें अपने मायके के लोगों से बताई तो अपनी असमर्थता जताते हुए रुपए न दे पानी की बात कहे। इसी बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने आए दिन मेरी बेटी सरिता देवी को सताते रहे। दिनांक 6 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से बेटी को मरना पीटना शुरू कर दिए। जिससे बेटी के कोख में पल रहे बच्चा भी पेट में ही खत्म हो गया। तथा मृतक नवजात को ससुरालियों ने उसको किसी अज्ञात जगह पर दफन कर दिए। मामले में जब पीड़िता के पिता को सूचना मिली तो तत्काल मायके वाले बेटी के ससुराल में आए। तब देखा की बेटी मरणासन्न अवस्था में पड़ी है। आनन फानन में घायल बेटी को लेकर बहरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने के चलते निजी अस्पताल का संचालक ने मंगलवार को प्रयागराज रेफर कर दिया था। जिसकी मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे मौत हो गई। इसको लेकर पीड़िता के मायके वालों ने मृतका के पति सूरज यादव तथा सास दुखनी देवी व देवर रवि यादव संग ससुर जीत लाल पुत्र राम निहार के खिलाफ सोरांव थाने पर मुकदमा दर्ज करवा दिया है मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

ब्लॉक में प्रधान देवर व टीए के बीच हुई नोक झोंक

अखंड भारत संदेश

परिसर में हुई जमकर हाथापाई, गाली गलौज

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के मांडा विकासखंड मुख्यालय पर आए दिन अधिकारियों , कर्मचारियो एवं प्रधान के बीच नोक झोंक होती रहती है। वहीं मंगलवार को केडवर ग्राम पंचायत में अस्थाई गौ शाला एवं खाद गड्ढा निर्माण कार्य के अन्तर्गत बाउंड्री वॉल की पूर्व में एमबी टीए दिनेश कुमार पाण्डेय से प्रधान केड़वर निर्मला देवी के देवर करुणा शंकर तिवारी ने कराया था। उसी बाउंड्री की जांच में टीए मौके पर पहुंचकर पैमाईश किया तो पूर्व किए गए एमबी में तीन सौ निन्यानबे मीटर मौके निर्माण कार्य लगभग साढ़े तीन सौ पाए जाने पर उन्होंने संशोधन करने पर ग्राम प्रधान के देवर करुणा शंकर तिवारी ने मांडा ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर टीए के चैम्बर में पूर्व में किए गए एमबी पर चर्चा की तो टीए दिनेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मौके पर कार्य कम किया गया है जो किया गया है उसी कार्य की एमबी किया जाएगा। टीए पाण्डेय की बात सुनकर प्रधान देवर ने घुस देने की बार बार आरोप लगाने पर आग बबूला हो गए और दोनों के बीच गाली गलौज व हाथापाई के साथ जूते चप्पल से एक दूसरे पर प्रहार किया गया। तब तक एडीओ पंचायत मांडा विवेक मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शान्त कराया। मांडा ब्लॉक मुख्यालय अन्तर्गत कुल 69 ग्राम पंचायत हैं। जिसमे एक तिहाई से अधिक ग्राम पंचायत को ग्राम पंचायत के लोग प्रतिनिधि के रुप में कार्य कर रहे हैं। वहीं मांडा ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए है जिससे सरकारी धन मे बंदर बांट पर धू धू कर ज्वाला का रूप धारण कर लेती है। ग्राम पंचायत के वास्तविक लाभार्थी सरकारी सुविधाओ से वंचित रह जाते है।

न्यायालय के आदेश पर 6 नामजद व 6 अज्ञात पर केस दर्ज

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के मांडा थाने कि पुलिस की उदासीनता समाने उभर कर आई है। कि मांडा पुलिस अपराधियों का संचालक करने वाले के इशारे पर काम करती है जिससे मांडा क्षेत्र में लूट, हत्या, चोरी आदि विभिन्न अपराध से क्षेत्र में सनसनी फैला हुआ है गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के परसिधी गांव निवासी शशी कुमार मिश्र पुत्र अम्बिका प्रसाद मिश्र ने नौ सूत्रीय प्रार्थना पत्र न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ, इलाहबाद में प्रस्तुत कर निम्नवत आरोप लगाते हुए बताया कि 4 जुलाई 2023 को अपने पुत्र आलोक मिश्रा के साथ भूमि विकास बैंक, शाखा मेजा प्रयागराज में लिये गये कर्ज का बकाया पैसा जमा करने के लिए मोटर साइकिल से निकला था। कि सुबह लगभग दस बजे माण्डा बाजार में अपने रिश्तेदार मोहन मिश्रा के कपड़े की दुकान के सामने पहुंचा, तो वहां पहले से घात लगाये बैठे एक राय होकर पीड़ित व उनके बेटे को गाली गुता देते हुए जबरन रोक लिए और लाठी डंडो तथा लात घूँसो से बुरी तरह मारने पीटने लगे, राजमणि दुवे और दो भतीजे तथा चार व्यक्ति नाम पता अज्ञात निवासीगण ग्राम माण्डा के विरुद्ध मांडा थाने में न्यायालय के आदेशानुसार छह नामजद सहित छह अज्ञात लोगों पर संगीन धाराओं में नए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय संधू ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिससे मांडा क्षेत्र में पुलिस व अपराधियों पर तरह तरह की चर्चाएं फैली हुई है।

नैनी में खुद से ही अपना घर तोड़ना शुरू दिये लोग

अखंड भारत संदेश



लेप्रोसी रोड पर लोग अपना आशियाना खुद अपने से तोड़ रहे हैं

नैनी। नैनी स्टेशन रोड पर लेप्रोसी चौराहे से मेवालाल की बगिया तक महाकुम्भ के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए नोटिस और पीडीए की चेतावनी के बाद लोगो ने खुद से अपना आशियाना तोड़ना शुरू कर दिया। नैनी के लेप्रोसी चौराहे से आगे लंकापुरी कॉलोनी के पास मंगलवार को वहां रहने वालों ने अपना सामान हटाना शुरू कर दिए हैं सूरज गुप्ता प्रदीप दिनेश दर्जनों लोग ने खुद से अपने टीनशेड, दीवार व निर्माण को तोड़ना शुरू कर दिया है। गृहस्वामियों को डर है कि कहीं जेसीबी चली यो उनके पूरे मकान क्षतिग्रस्त न हो जाये आपको बता दें कि पीडीए के अधिकारियों ने लोगों को सोमवार को अल्टीमेटम दिया था।

BHAVAN'S MEHTA MAHAVIDYALAYA
Bharwari, Kaushambi-212201
NAAC ACCREDITED INSTITUTION
(V.S. Mehta College of Science)
(Managed by Bharatiya Vidya Bhavan & Affiliated to Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj)
Mob.: 08853865551, E-mail: vsmehtacollegeb@gmail.com
Website: www.vsmehtacollege.org

Ref. No. BMM/2023-24 दिनांक 10.10.2023

निविदा सूचना

भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी, कौशाम्बी में नई शिक्षा नीति, 2020 के अन्तर्गत बी0ए0 एवं बी0एस0सी0 पाठ्यक्रमों हेतु पाठ्य-पुस्तकें क्रय किया जाना है।

अतः दिनांक 30.10.2023 तक सील बन्द लिफाफे में निविदा महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रो0 प्रबोध श्रीवास्तव
प्राचार्य

कार्यालय ग्राम पंचायत बेलामुण्डी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा

पत्रांकः मेमो/एस.एल. डब्ल्यू. एम./राज्य वित्त/2023-24 दिनांक : 31.08.2023

ग्राम पंचायत बेलामुण्डी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (फेज–2) अन्तर्गत एस.एल. डब्ल्यू. एम./केन्द्रीय/राज्य वित्त मनरेगा की धनराशि से पूर्व वर्ष 2023–24 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो में कार्य करान हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से दिनांक 01.09.2023 से 15.09.2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 15.09.2023 को सायं 4 बजे निविदा दाताओं की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	कार्य की माप	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा मूल्य रू. में	निर्माण कार्य की अवधि
1.	सामुदायिक एवं संस्थागत खादगड्ढा/कम्पोस्ट पिट	5 अदद	11125	500	3 माह
2.	सामुदायिक नाडेप/कम्पोस्ट पिट	1 अदद	24800	500	3 माह
3.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट	1 अदद	29300	500	3 माह
4.	कचरा वाहन ई (रिक्शा)	1 अदद	160000	500	3 माह
5.	स्वीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु (ISWNC)	1 अदद	500000	500	3 माह
6.	हैण्डपम्प पर शोकपिट	1 अदद	14950	500	3 माह

सामान्य शर्तें :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समग्र रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में 15.09.2023 तक पूर्वाह्न 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 4. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 6. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय बेलामुण्डी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय बेलामुण्डी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

सूर्यबली
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत बेलामुण्डी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

रीतू सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बेलामुण्डी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

एसडीएम कोर्ट में लम्बित प्रकरणों जल्द कराएं निस्तारण: डीएम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली, राजस्व कार्यो, आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, आबकारी, परिवहन विभाग, मण्डी, स्टाम्प ड्यूटी, बाट-माप, खनन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जीएसटी सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा की तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये।

राजस्व प्रशासन की समीक्षा की गयी जिसमें मुकदमा, स्वामित्व योजना, आडिट आपत्तियां, वादों का निस्तारण, अंश निर्धारण की कार्यवाही, भू-माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही आदि की प्रगति लगातार धीमी पाये जाने जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि यदि सुधार नही होता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कोर्ट का निरीक्षण करें, फाइलों को सुव्यविस्थत एवं सुसज्जित ढंग से रखें, पटल सहायकों के कार्यो की निगरानी समय-समय पर करते रहे, कोर्ट में लम्बित प्रकरणों के कार्य को देखें और जल्द से जल्द उसका निस्तारण करायें। उन्होने कहा कि समय समय पर अमीनों के साथ बैठक करें और उन्हें राजस्व वसूली के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये जाये। उन्होने निर्देशित किया कि भू-माफिया द्वारा यदि किसी भी राजस्व कर्मचारी को डराते या धमकाते है तो ऐसे भू-माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जाये। उन्होने उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत लेखपालों के माध्यम से जमीन से सम्बन्धित प्रकरणों की निगरानी

डीएम ने कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा की

राजस्व वसूली सम्बन्धी बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

रखी जाये और इससे सम्बन्धित जो भी रिपोर्ट हो उसको समय सीमा के अन्तर्गत प्रेषित करें और समय-समय पर गांवों का निरीक्षण भी करें। नगर निकायों की समीक्षा में पाया गया कि नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों की स्थिति ठीक नही है जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि कार्यो में सुधार लाया जाये अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जायेगी। ईओ नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद बेल्हा के किसी एक रोड को चिन्हित करें और उसे प्रकाश, डिवाइडर आदि के माध्यम से सुसज्जित करें। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा से सम्बन्धित प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जाये, समय से पत्राचार किया जाये, आपदा से सम्बन्धित पत्रावलियों पर यथाशीघ्र कार्यवाही की जाये जिससे लाभार्थी को समय से लाभ प्राप्त हो सके, यदि आपदा के प्रकरणों पर लापरवाही बरती जायेगी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा जिलाधिकारी सीएम-डैशबोर्ड की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल की तहसीलवार समीक्षा की तो समस्त तहसीलों की प्रगति ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये, शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाये इस पर विशेष ध्यान दिया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है, राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने दायित्व का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त ईओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

किशोर के अपहरण के बाद सकुशल घर लौटा, परिजनों ने ली राहत की सांस

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सराय नानकर निवासी संतोष कुमार विश्वकर्मा का बेटा निखिल विश्वकर्मा (14) शहर के सुशीला देवी कान्वेंट स्कूल माधवगंज में कक्षा नौ का छात्र है। सोमवार को वह घर से खाना खाकर स्कूल जाने के लिये निकला तथा गनईडीह तिराहे से टेम्पो द्वारा हुआ माधवगंज महुली जा रहा था कि ताला मोड़ के पास साथी के इंतजार में रुक गया। तभी वहां मारुति वैन से पहुंचे तीन संदिग्ध लोग उसे स्कूल में छोड़ने के बहाने गाड़ी में बिठा लिये तथा उसे लेकर प्रयागराज चले गये।

वहां जाने पर छात्र निखिल ने लघुशंका की इच्छा जताई जिस पर अपरहण कर्ता उसे बाहर निकाले तभी वह तेजी से भागा जिससे घबरा कर अपराहर्ता वहां से भाग निकले। मौके पर पहुंचे एक अन्य छात्र ने उसे अपने कमरे पर लाया तथा छात्र के बताये नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पाते ही छात्र के पिता बाइक से प्रयागराज गये तथा छात्र को वहां से घर ले आए।

अपर्हत छात्र निखिल विश्वकर्मा ने बताया कि अपहत करने वाले तीन लोगों ने मुंह पर रूमाल बांध रखा था तथा उसे रास्ते में मारते पीटते ले गये जिससे वह डर गया। छात्र के घर लौटने पर डायल 112 पुलिस को परिजनों ने सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। मंगलवार को छात्र के पिता संतोष विश्वकर्मा दिलीपपुर थाने में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसओ दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि छात्र की अपहरण जैसी कोई बात नहीं है। तहरीर देने आया था मामला संदिग्ध है। जांच कराई जा रही है सत्यता मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

सरस्वती महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय के कला संकाय अन्तर्गत मनोविज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर सहभागिता निभायी। छात्र छात्राओं ने विभिन्न पोस्टरों के जरिए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रबंधक पूर्व मंत्री व प्रो. शिवाकान्त ओझा ने कहा कि मानसिक स्वस्थता को लेकर परिवार के प्रत्येक सदस्यों को अपनी संतानों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

उन्होनें छात्र छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने की प्रेरित भी किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अमित सिंह ने कहा कि समाज में शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर तो जागरूकता लोगों में नजर आती है लेकिन मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी दिखती है। वहीं मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. रोहिणी त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को प्रतियोगिता के दौरान उनके सृजनात्मक कार्यो की सराहना किया। प्रतियोगिता में विजेताओं छात्रा फरहीन बानो एवं छात्र नितिन तथा प्राची व अनामिका एवं जया केसरवानी व प्रियंका को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। इस मौके पर डा. अम्बिकेश त्रिपाठी, डा. रविशंकर शुक्ल, डा. ओमप्रकाश त्रिपाठी, डा. आशुतोष शुक्ल, डा. धीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

महुली मंडी से बाइक लेकर भागे, चौराहे पर दबोचे गए

प्रतापगढ़। महुली मंडी से आढ़ती की बाइक चोरी कर भाग रहे दो युवकों को पुलिस ने चिलबिला चौराहे पर दबोच लिया। उनके कब्जे से चोरी की एक और बाइक मौके पर ही बरामद की गई। पुलिस ने दोनों को न्यायालय भेज दिया। नगर कोतवाली के चिलबिला का रहने वाला मनोज मथाईस महुली मंडी में आढ़ती है। मंगलवार सुबह उसकी आढ़त पर बाइक से दो युवक पहुंचे। एक युवक उसकी बाइक में चाबी लगाया और दोनों मंडी से भागने लगे। मंडी के लोगों की सूचना पर चिलबिला चैराहे पर मौजूद चैकी इंचार्ज शेषनाथ सिंह, आरक्षी धर्मवीर यादव व कुशल यादव ने दोनों को दबोच लिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। चिलबिला में ही रहने वाला अंबेडकर नगर जहांगीरगंज निवासी सूर्यभान सिंह चैहान पहुंचा। बताया कि दूसरी बाइक उसकी है जो पिछले दिनों चिलबिला के ही एक रेस्टोरेंट से चोरी हुई थी।

करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नटोही गांव निवासी फूल चन्द पटेल पुत्र इंद्रपाल पटेल (48) वर्षीय मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे घर मे बिजली ठीक करते समय अचानक करेंट की चपेट मे आने से गंभीरं रूप से घायल हो गया जिस परिजन लोग आनन फानन मे सीएससी कुंडा उपचार के लिये ले गये जहा चिकित्सको ने मृत घोषित करते हुए शव को घर ले जाने को कह दिया जिस पर परिजन लोग शव को घर ले गये शव के घर पहुंचते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बेटे प्रभात (27)वर्ष व अजय (22) वर्ष है तथा तीन बेटी भी है। सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

नवरात्र में शक्ति पूजा के लिये महिलाओं को वितरित किया गया चुनरी, कलश

15 से शुरू हो रहे नवरात्र में घर-घर पूजन अर्चन की तैयारी में मदद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विधान सभा सदर के नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के माँ प्रताप वासनी शीतला देवी धाम कटरा मेदनीगंज में सांसद संगम लाल गुप्ता के अनुज दिनेश गुप्ता द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन, अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं को शारदीय नवरात्रि पर्व आगमन पूर्व कलश स्थापना हेतु माँ दुर्गे की प्रतिमा, नारियल, चुनरी दिनेश गुप्ता द्वारा भेंट किया गया। इस दौरान दिनेश गुप्ता ने शक्ति वंदन के दौरान मोदी सरकार द्वारा पारित किए गए नारी शक्ति वंदन

कटरा के शीतला देवी धाम में महिलाओं को चुनरी कलश देते भाजपा नेता दिनेश गुप्ता

अधिनियम की भी सराहना की एवं मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा शक्ति के रुप में मानी जाती हैं। महिलाओं को चुनरी, कलश इस आशय से दिया जा रहा है कि वह 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र में मां की आराधना पूजा ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि इस तरीके के कार्यक्रम पूरे जनपद में किया जाएगा। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा रुचि केसरवानी ने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा घरों में माता रानी की अर्चना के लिये चुनरी कलश को पहुंचाया जा सके।

मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि सांसद जी के द्वारा जो कलश व चुनरी पूजन के लिये दिया गया है, उसका हम सभी पूजन-अर्चन में विधिवत प्रयोग करेंगे और मां दुर्गा की आराधना करेंगे। इस मौके पर हेमंत मिश्रा, सुशीला सरोज, प्रतिभा श्रीवास्तव, मनिता सरोज और सैकड़ों की संख्या में बहनें उपस्थित रही।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बाले सिंह का निधन

अखंड भारत संदेश

प्रदीप कुमार सिंह बोले (फाइल फोटो)

पट्टी, प्रतापगढ़। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह के भतीजे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह बाले का सोमवार शाम निधन हो गया। वह लंबे समय तक मंगरौरा के ब्लॉक प्रमुख भी रहे हैं। बीमारी के चलते उन्हें लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घर ले आने के बाद सोमवार शाम फिर तबीयत बिगड़ी तो परिवार के लोग लखनऊ ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उनकी सांस थम गईं। बाले सिंह के निधन की जानकारी मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज संगम घाट पर किया गया जहां पर सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे और उनके निधन पर शोक जताया है।

पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्यों ने सीएचसी, गौशाला का किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर लगायी फटकार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के दो सदस्यों ने मंगलवार को सीएचसी लालगंज का औचक निरीक्षण किया। बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल व अशोक प्रसाद चैधरी सुबह करीब साढे ग्यारह बजे सीएचसी पहुंचे। उनके निरीक्षण के लिए सीएचसी पहुंचने की जानकारी होते ही स्वास्थ्यकर्मियों में खलबली मच गयी। दोनों सदस्य पहले निरीक्षण को लेकर ओपीडी में पहुंचे।

इसके बाद सीएचसी में बने लैब व रसोई घर तथा शौचालय, दवा वितरण कक्ष, एक्सरे रूम, लेबर रूम तथा वार्डो का निरीक्षक किया। रसोई घर में बोरियां रखी देख व शौचालय में गंदगी देख सदस्यों ने जिम्मेदार को जमकर फटकार लगायी। वहीं मरीजों से बातचीत के दौरान फल न मिलने व दूध की गुणवत्ता सही न होने की जानकारी मिलने पर अधीक्षक को इसमें सुधार लाने के कड़े निर्देश दिये। वहीं प्रसूताओं से जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी लिया। इस पर प्रसूताओं ने जानकारी न होने की बात कही तो सदस्यों ने अपनी नाराजगी जताते हुए मामले में पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत दिया। इसके बाद सदस्यों ने सांगीपुर सीएचसी, रांकी गौशाला का भी निरीक्षण किया। गौशाला में मृत गोवंश को देख जिम्मेदार को कड़ी फटकार लगायी। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्यों के निरीक्षण के दौरान हडकंप मचा दिखा।

लालगंज सीएचसी का निरीक्षण करते पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य।

दीक्षारंभ समारोह में मौजूद अतिथिगण।

डिग्री कॉलेज कालाकाकर में बी एड के छात्र छात्राओं का दीक्षारंभ संपन्न

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर मे मंगलवार को बीएड के छात्र छात्राओं का दीक्षारंभ समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा0 केशव प्रसाद बरनवाल उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर विगत सत्र में सेवानिवृत्त प्रो0 हवलदार सिंह यादव को सम्मानित किया गया। शिक्षा संकाय अध्यक्ष प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जु भय्या) विवि प्रोफेसर विनीता सिंह ने छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक, एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन ओ सी ए प्रोफेसर रेखा सिंह ने तथा आभार ज्ञापन डॉ डाल चंद ने गया। इस मौके पर कालेज के सभी शिक्षक व छात्र लोग मौजूद रहे।

मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर सपा नेताओं ने दी पुष्पांजलि

सपा कार्यालय पर सपाईयों ने मुलायम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय एवं संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव एक भारतीय राजनेता थे, जो उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री और केन्द्र सरकार में एक बार रक्षा मंत्री रहे। वे एक किसान नेता और जनता के बीच नेताजी और धरतीपुत्र के नाम से

मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

भी जाने जाते हैं। मुलायम सिंह यादव जी वर्तमान में समाजवादी पार्टी के नेतागण एवं कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस अवसर पर पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह मुन्ना यादव, विनोद पाण्डेय, अनिल यादव, गुलफाम खान, संतोष यादव, आरके मौर्या, वासिक खान, शिवाजीत सिंह, विनोद यादव, विजय शुक्ला, सफात अहमद, सुनील यादव, डाक्टर राम बहादुर पटेल, विपिन सरोज, सुरेश यादव, लक्ष्मी रमन पासी, अमीरूल हक, इमरान सभासद, तबारक हुसैन, ओपी यादव, उमर अली, निसार अहमद, मानवेन्द्र वर्मा, मुस्तफा जाफरी, जीएस वर्मा, राज नारायण गुप्ता, गंगादीन भुर्जी, मोहम्मद लईक, राजीव विश्वकर्मा, ओम प्रकाश यादव, विशाल मौर्य, अरुण यादव, रामप्रसाद यादव, मोहम्मद तौफीक, फिरोज अहमद, राजेंद्र पाल, उपेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद रईस, पारसनाथ यादव, मोहम्मद आजम, शाश्वत यादव, शाहिद अंसारी, धर्मेंद्र यादव, रामसुंदर यादव, अमन यादव, आशीष पटेल, अंकित वर्मा, बादल, रमेश बहादुर यादव, सतीश कुमार यादव, विकास यादव, जमीर अहमद, अन्जुम हैदर, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव की मनाई गई प्रथम पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी क्षेत्र के सदहा गांव स्थित निर्मला रामअजोर यादव फामेर्सी कॉलेज में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई।जिसमें एक संगोष्ठी के माध्यम से सपा नेता जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी एमएलसी विजय यादव ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व सीएम का जन्म एक सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने कहा कि वे राजनीति में आने से पहले एक शिक्षक थे।पूर्व सीएम अपने राजनीतिक करियर की शुरूवात 15 वर्ष की आयु में की जब उन्होंने 1954 में महान नेता डॉ०राममनोहर लोहिया के नहर रेट आंदोलन में भाग लिया और जेल गए। 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के विधानसभा के सदस्य चुने गए। इमरजेंसी के दौरान वे 19 माह जेल में रहे। उन्होंने बेरोजगारी, कन्याधन आदि पर विशेष सहयोग किया।उन्होंने समाज मे महिलाओं के उत्थान पर भी जोर दिया। इस मौके पर रामअजोर यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामशंकर यादव, सुरेश यादव, अजय सरोज, दिनेश सरोज, सहाबुद्दीन, लल्लू पाल, धर्मेंद्र यादव, प्रभात यादव, शेरबहादुर यादव, अनिल यादव, अलगूराम यादव आदि मौजूद रहे।

संचारी रोग से निपटने के लिए की गई साफ-सफाई

पट्टी, प्रतापगढ़। ग्राम सभा ग्राम नारंगपुर में संचारी रोग से मुक्ति हेतु स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह टीम के सदस्य करुणा शंकर यादव की अवगाहन में 40 स्वच्छता की टोली गांव में सफाई के कार्य में छुट्टी हो गई। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वच्छता कर्मचारी राजस्व ग्राम वार रोस्टर बनाने का कार्य किया जा रहा है। पूरे अक्टूबर माह में उत्तर प्रदेश की सभी ग्राम सभाओं में आपको स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि बदलते हुए मौसम के साथ जहां लोग बीमार पड़ते हैं वहीं साफ सफाई के अधिक आवश्यकता होती है जिससे रोगों से निपटा जा सकता है।

विलियमगढ़ के तराई इलाके में बड़ी संख्या में गोवंश के अवशेष मिलने से हडकंप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के विलियमगढ़ पहाड़पुर गांव इलाके में नदी के तराई क्षेत्र में मंगलवार की सुबह दर्जन भर से अधिक पशुओं के कटे अवशेष दिखायी देने से हडकंप मच गया। सुबह शौच के लिए गये ग्रामीणों ने तराई क्षेत्र में फैले झाड़ियों के बीच जगह जगह खून के धब्बे व पशुओं के अंगो के कटे अंश तथा दुर्गन्ध देख जिसकी सूचना ग्रामीणों को दी। जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने वहां चाकू व रस्सी, खून के धब्बे आदि देखा तो आवाक रह गये। इधर सूचना पर थाने से पहुंचे दो सिपाहियों ने वहां ग्रामीणों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया।

इससे हैरान ग्रामीण मामले में पुलिस की संलिप्तता और सच्चाई छिपाने के प्रयास को लेकर आपस में चर्चा करते हुए देखे सुने गये। यहीं नही जानकारी होने पर कवरेज करने लगे कुछ मीडियाकर्मियों से भी वहां मौजूद सिपाहियों ने परिचय पत्र देखने के बाद ही कवरेज करने की अनुमति दी। ग्रामीणों का यह भी कहना रहा कि इस वीरान जगह पर प्रतिदिन पशु वध के अवैध धन्धे का संचालन होने की बात से भी इंकार नही किया जा सकता है। थानाध्यक्ष मनोज यादव का कहना है कि कई मवेशियों के शरीर के कटे अवशेष पड़े होने की जानकारी है। मामले में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

रामलीला दुर्गा पूजा में संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के डीएम एसपी ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

आगामी पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ डीएम एसपी ने की बैठक

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सम्राट उदयन सभागार में आगामी पर्व त्योहार-दुर्गा पूजा एवं दशहरा आदि को सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से आगामी पर्व त्योहार-दुर्गा पूजा एवं दशहरा आदि को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही यथा-पीस कमेटी की बैठक एवं प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने आदि की जानकारी प्राप्त की उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओं सुझाओं को प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्योहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रतिमा की स्थापना एवं रामलीला कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा अनुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को चिन्हित विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए सभी ईओ एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर विसर्जन स्थलों की साफ-सफाई एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था तथा विसर्जन स्थल तालाब में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने त्योहार रजिस्टर का भली-भाँति अध्ययन करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को आवश्कतानुसार विद्युत तारों को ऊँचा करने के निर्देश दिये, ताकि कोई घटना न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने थानावार जेई की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सीएमओ को आवश्यकतानुसार सीएचसी पीएचसी वार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी ईओ को खराब स्ट्रीट लाइटों एवं हाईमास्क लाईट को ठीक कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कड़ाधाम में मेला के दृष्टिगत थाना प्रभारी कड़ाधाम एवं ईओ को पार्किंग की बेहतर एवं व्यवस्थित व्यवस्था आदि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उन्हें या पुलिस अधीक्षक या सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को अवगत करायें, समस्या का तत्काल निस्तारण किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पाण्डाल में आग बुझाने की सामग्री अवश्य रखी जाय। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दिया जाय। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को प्रतिमा स्थापना स्थलों एवं रामलीला स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा नई परम्परा की शुरूआत न होने पाये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रतिमाओं को ऐसे स्थल पर स्थापित किया जाय, जिससे मार्ग अवरूद्ध न होने पाये तथा पाण्डाल के ऊपर विद्युत की तार न गई हो एवं पुलिस की उपस्थिति में ही मूर्तियों को विसर्जन के लिए ले जाया जाय। उन्होंने क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से कहा कि आगामी त्योहार के दृष्टिगत भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों बाजारों में विशेष सतर्कता रखी जाय, ताकि महिलाओं के साथ छेड़खानी चैन स्नैचिंग आदि घटनायें न होने पायें, पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी जाय। प्रतिमा स्थापित करने वाले रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ निरन्तर सम्पर्क में रहें। उन्होंने कहा कि एनजीटी के निदेर्शों के क्रम में किसी भी नदी में प्रतिमा का विसर्जन न होने पाये, इस पर विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित ध्वनि से अधिक ध्वनि में डीजे न बजने पायें डीजे स्वामियो को नोटिस दे दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के भी निर्देश दियें इस अवसर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम एवं उप जिलाधिकारीगण आकाश सिंह, दीपेन्द्र यादव व सौम्य मिश्रा, क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिक संजय जयसवाल मुकुंदी लाल केशरवानी अमरेश कुमार उर्फ कल्लू पण्डा कल्लू सोनी आदि लोग उपस्थित रहें।

न्यूज झरोखा

दीवाल में सेंध कर नगदी समेत लाखों का सामान चोरी कर ले गए चोर

अझुवा कौशाम्बी। जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात घर के पीछे की दीवाल में सेंध मारकर चोरो ने नगदी समेत लाखो का सामान चोरी कर लिया है चोर घर के अंदर रखे हुए गहने और रूपयो के बक्से को घर से उठा कर खेतो में ले गए और नगदी समेत लाखो का सामान निकाल लिया खाली बक्सा खेत में छोड़ गए हैं मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के साढो गांव के राहुल मिश्रा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सोमवार की रात्रि में वह अपने परिवार के साथ घर के बाहर सो रहे थे और देर रात चोर घर के पीछे की दीवाल में सेंध मारकर घर के अंदर घुसे और घर में रखे बक्से संदूक आदि घर से बाहर खेत में उठा ले गए जिसमे 70 हजार नगदी सोने चांदी के जेवर सहित लाखो का सामान मौजूद था बक्सा तोड़कर चोर उसमे से नगदी जेवर चोरी कर ले गए है परिवार के लोग जब सुबह उठे तो देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ है और बक्सा संदूक घर से गायब है घर अस्त-व्यस्त देखकर परिवार में हड़कंप मच गया मामले की सूचना मिलते ही गांव के लोगों की भीड़ मौके पर लग गयी सुबह ग्रामीणों ने देखा कि खेत में खाली बक्सा पड़ा हुआ है परिवार के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

चरवा कोतवाल ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

कौशांबी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर जिले के संपूर्ण थानों में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी क्रम में मंगलवार को चरवा कोतवाली में भी कोतवाल विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित था इस जनसुनवाई में समस्याओं से परेशान क्षेत्र के तमाम लोग पहुंचे और अपने शिकायती प्रार्थना पत्र कोतवाल को देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की तमाम शिकायती प्रार्थना पत्र को सुनकर कोतवाल ने मौके पर निस्तारण कर दिया और तमाम मामलों को अधीनस्थों को सौंपते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि फरियादियों को शासन की मंशा के अनुसार न्याय दिया जाएगा अपराधियों को कठोर दंड दिलाया जाएगा।

ऑयल टैंकर से भिड़ा कंटेनर,बाल बाल बचे ड्राइवर खलासी

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर से प्रयागराज लेन पर आज मंगलवार को इंडियन ऑयल के टैंकर के पीछे कंटेनर चालक भिड़ गया जिसमे कंटेनर के आगे का हिस्सा ध्वस्त हो गया जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर घटनास्थल पर लोगों का मजमा लग गया इस हादसे में कंटेनर ड्राइवर रोहिताश पुत्र जगदीश निवासी गटकनेर थाना अजीत गढ़ जिला सीकर राजस्थान और उसका कंडक्टर बाल बाल बच गया ।सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने क्रेन की मदद से छतिग्रस्त वाहनों को सड़क से किनारे लगवाया वहीं नगर वासियों के अनुसार संयोग से ऑयल टैंकर के पीछे लगे सुरक्षा एंगल ने टक्कर बर्दास्त कर ली अन्यथा ऑयल टैंकर के फटने से बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

करारी के युवाओं ने सैफई पहुंचकर धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

करारी कौशाम्बी। करारी के दो युवाओं ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को सैफई पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। जज्बा कहें या फिर अखिलेश यादव के दीवाने...करारी कस्बा के सुघर सिंह यादव और गुवारा के शनि यादव की पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के प्रति दीवानगी इस कदर छाई कि वह दोनों युवा मुलायम सिंह यादव के पुण्यतिथि के मौके पर बाइक से ही कौशाम्बी और सैफई की दूरी नाप दी। दोनों युवा दोपहर को मुलायम सिंह यादव के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात किया।

जन शिक्षण संस्थान द्वारा उदय प्रकाश कॉलेज में कैरी बैग का किया वितरण

प्लास्टिक छोड़कर कपड़े का थैला ही करे प्रयोग : प्रबंधक

कौशाम्बी। जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान के तहत 10 अक्टूबर को उदय प्रकाश इंटरमीडिएट कॉलेज सिरसी चरवा में सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई इसके बाद विद्यालय के प्रबंधक श्री निवास यादव ने स्वच्छता के तहत प्लास्टिक की थैली हटाओ के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की और यह भी बताया कि प्लास्टिक छोड़कर कपड़े का थैला ही प्रयोग करें इसी कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष देशराज जायसवाल ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक की थैली न प्रयोग किए जाने का सुझाव दिया तथा कागज का थैला या कपड़े का झोला ही प्रयोग किया जाए इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया इसी क्रम में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभी प्रतिभागियों को कैरी बैग कपड़े का झोला वितरण किया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला प्रशिक्षिका पूजा यादव काजल उमा वंदना अंजुला पाल अनामिका रुचि अनुष्का सहित 45 प्रतिभागी मौजूद रहे।

मिट्टी का टीला ढहा दबकर बुजुर्ग महिला की मौत

किशोरी गंभीर रूप से हुई घायल, महेवा घाट थाना क्षेत्र में घर की पुताई के लिए मिट्टी निकालने गई थी महिलाएं

अखंड भारत संदेश

महेवाघाट कौशाम्बी। जिले में अभी भी कच्चे घरों में पुताई के लिए तालाब के किनारे की मिट्टी का प्रयोग किया जाता है और मिट्टी निकालते समय टीला ढह जाता है और लोग उसमे दबकर मौत के गाल में समा जाते है महेवा घाट थाना क्षेत्र में मंगलवार को फिर दर्दनाक हादसा हुआ है जिसमें एक महिला की मौत हो गई है और एक बालिका घायल हैं।

जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के निगहा गांव में मंगलवार को घर की पुताई के लिए मिट्टी निकालने गई बिट्टी देवी उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी हुबलाल और उसकी भतीजी उमा उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री भैया लाल मिट्टी के टीले के नीचे मिट्टी खोद रही थी अचानक मिट्टी का टीला नीचे खिसक गया जिस पर बिट्टी देवी और उमा दब गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गयीं जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया मिट्टी के टीले में दबी महिलाओं को ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाल कर इलाज हेतु जिला अस्पताल मंझनपुर ले जाया गया जहां पर बिट्टी देवी की मौत हो गई है और उमा का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही बुजुर्ग महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

एसपी कार्यालय फरियाद के बाद भी महिला की नहीं हुई सुनवाई

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तन्ना पर गांव की अनुसूचित जाति की एक महिला के साथ गांव के दयाराम मौर्य बलराम उनका लड़का राजकुमार उर्फ ललवा आदि लोगों ने 2 अक्टूबर की शाम को मारपीट गाली गलौज छेड़खानी और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया था महिला के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी मामले की सूचना महिला ने थाना पुलिस को दिया लेकिन मामले में सुनवाई नहीं हुई जिस पर 3 दिन पूर्व महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और शिकायती पत्र देकर दबंग पर कार्यवाही की मांग की है लेकिन उसके बाद भी महिला का मुकदमा कोतवाली पुलिस ने नहीं दर्ज किया है महिला का कहना है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं पुलिस को सूचना देने के बाद आरोपी और बौखला गए हैं और फिर मारपीट करने के प्रयास कर रहे हैं।

बड़े भाई की हत्या के आरोपी को 36 घण्टे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

महगांव कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर में बीते रविवार की शाम सरपत के विवाद में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की हत्या कर दी थी पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था भाई की हत्या करने वाले भाई को पुलिस ने 36 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही जिस लकड़ी के हत्थे डंडे से हत्या की थी। वह भी पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक 8 अक्टूबर की शाम काजीपुर में भगौतीलाल ने अपने बड़े भाई महादेव उम्र 45 वर्ष की लकड़ी के हत्थे से सर पर प्रहार कर हत्या कर दी थी। मंगलवार को संदीपन घाट थाना पुलिस ने तेरहमील तिराहे के पास से हत्यारोपी भगौती लाल को गिरफ्तार कर लिया आरोपी ने हत्या में इस्तेमाल किए गए लकड़ी के हत्थे को गांव से बरामद कराया थानाध्यक्ष भुनेश चौबे ने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

महामाया राजकीय महाविद्यालय में पौष्टिक आहार विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय में 10 अक्टूबर को महाविद्यालय में आईक्यूएसी और प्राणी विज्ञान विभाग के तत्वावधान में पौष्टिक आहार विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विषय प्रवर्तन डॉ0 नीलम बाजपेई असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान ने किया। डॉ0 नीलम बाजपेई ने कहा कि हमारे भोजन में पोषण की नितांत आवश्यकता होती है। हमारे भोजन में विटामिन, प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट एवम अन्य खनिज पदार्थों की सन्तुलित मात्रा हो। तभी हम स्वस्थ रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने कहा कि " हमारे दैनिक जीवन में कितनी मात्रा खाद्य पदार्थो की होनी चाहिए हमे यह जाननी चाहिए। हमे खाद्य प्रदार्थो के साथ पानी की उचित मात्रा भी लेनी चाहिए। इसी क्रम में डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर गणित ने कहा कि हमको ज्यादा कैलोरी वाले भोजन रात को नहीं लेना चाहिए क्योंकि रात में जब हम सोते हैं तो हमारा शरीर मरम्मत का कार्य कार्य करता है। जब हम ज्यादा कैलोरी का भोजन करते है तो वह कैलोरी खर्ज नहीं होती बल्कि वह स्टोर करता है। ततपश्चात हम मोटापा के शिकार हो जाते है कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी ने किया। इस अवसर पर डॉ0 तरीत अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, डॉ0 आनंद कुमार डॉ भावना केसरवानी, डॉ रीता दयाल, डॉ0 तरित अग्रवाल, डॉ संतोष कुमार डॉ0पवन कुमार ,डॉ0 आनंद कुमार ,डॉ0 रमेश चन्द्र , डॉ0 शैलेश मालवीय, , एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

महेवाघाट कौशाम्बी महेवाघाट थाना पुलिस उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने सिपाहियों के साथ सोमवार को जुआ फड़ में छापा मारकर ओमी प्रसाद बृजेश कुमार राहुल निषाद और रामाशीष निवासी महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है जुआरियों के कब्जें से 52 तास के पत्ते व 1530 रूपए बरामद कर मु0अ0सं0 198/23 धारा 13 जूआ अधिनियम पंजीकृत किया है।

10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

महेवाघाट कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस उप निरीक्षक बलराम सिंह ने जीवराखन निवासी डेढ़ावल थाना पश्चिम शरीरा जनपद के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर उसे गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय किया है।

निर्वाचन नामावलियों के काम में लगे अधिकारियों के स्थानांतरण पर रोक

कौशाम्बी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों के स्थानान्तरण पर रोक लगाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों यथा-जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि आलेख्य प्रकाशन दिनांक 27 अक्टूबर 2023 से अंतिम प्रकाशन दिनांक 05 जनवरी 2024 तक स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी गई है।

जरायम के धंधे में लिप्त वाहनों का पार्किंग स्थल बना सरकारी अस्पताल!

अखंड भारत संदेश

हूटर बजाते आधी रात को सड़कों पर निकलने वाले इन वाहनों के अभिलेख भी है संदिग्ध

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज स्थित सरकारी अस्पताल में बाहरी लोगों के वाहनों का पार्किंग स्थल बन गया है दिन में यह वाहन सरकारी अस्पताल में खड़े कर दिए जाते हैं और रात्रि में यह वाहन सड़कों पर फरार्टा भरते हैं बताया जाता है कि सरकारी अस्पताल में खड़े होने वाले वाहनों में बिना किसी अनुमति के हूटर भी लगाया गया है देर रात्रि के इन वाहनों में हूटर बजाते हुए सड़कों पर विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है चचाओं पर जाए तो हूटर लगे इन वाहनों से विभिन्न जरायम के धंधे को संचालित किया जाता है लेकिन स्थानीय पुलिस इन संदिग्ध वाहनों से अनजान बनी हुई है सरकारी अस्पताल में खड़े होने वाले वाहन के नंबर भी उत्तर प्रदेश के नहीं है दूसरे प्रांत के नंबर के वाहन किसके हैं इसका जवाब देने वाला अस्पताल में कोई नहीं है लेकिन लोगों की बातें माने तो कुछ स्थानीय लोगों के यह वाहन हैं चचाओं पर जाए तो वाहनों के अभिलेख भी पूर्ण कंप्लीट नहीं है लेकिन फिर भी यह वाहन हूटर लगाकर सड़क पर फरार्टा भर रहे हैं इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकारी अस्पताल में खड़े होने वाले वाहनों की जांच पड़ताल कराए जाने की मांग की है।

कूड़ा कचरा से भरा है नेवादा ब्लॉक नहीं रहती साफ सफाई

जब ब्लॉक ही कचरे का ढेर बन गया तो अन्य गांवों की सफाई क्या होगी स्थिति!

अखंड भारत संदेश

नेवादा कौशाम्बी। जहां एक तरफ केन्द्र सरकार और राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर साफ सफाई का विशेष रुप से कार्य कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर उन्ही के भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी उसी स्वच्छ भारत मिशन की पूर्ण रुप से धज्जियां उड़ा रहे हैं और इस वक्त डेंगू जैसे भयानक बीमारी का प्रकोप पूरे भारत मे फैला हुआ है जो एक खतरनाक साबित हो रही है।

नेवादा ब्लॉक क्षेत्र में गंदगी का बोलबाला है गांव से लेकर कार्यालय तक चारों ओर गंदगी बजबजा रही है साफ सफाई के नाम पर अधिकारियों ने खजाने से करोड़ों की रकम खाली कर दी है लेकिन साफ सफाई नहीं हो सकी है जिससे अधिकारियों के मंशा पर सवाल खड़े हैं और साफ सफाई के नाम पर खर्च किए गए करोड़ो की रकम की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग आम जनता ने की है। नेवादा ब्लॉक परिसर मे गंदगी का अंबार लगा हुआ है जहां देखो कचरे का ढेर फैला हुआ है जबकि सरकारी कर्मचारी की भी तैनाती की गई है और सफाई कर्मियों को भी अटैच किया गया है आज देखा जाए तो डेंगू जैसे भयानक बीमारी पूरा अपना प्रकोप फैला रखा है लेकिन ब्लॉक अस्तर के अधिकारी व कर्मचारी इसका तनिक भी ध्यान नही देते कि हालात क्या होंगे जब कि आये दिन डेंगू बीमारी के चपेट मे आने के कारण मौतें होती है जब ब्लॉक परिसर मे ही सफाई नहीं रहती तो गांव देहात मे क्या साफ सफाई रहेगी इसका अंदाजा बाखूबी लगाया जा सकता है ब्लॉक में तैनात किए गए चतुर्थ श्रेणी कर्मी और सरकारी सफाई कर्मचारियों के लापरवाही को संज्ञान लेकर निलंबित कर इनका वेतन रोकते हुए ब्लॉक क्षेत्र की सफाई कराए जाने की मांग आम जनता ने की है।

संपादक की कलम से

रोकना होगा इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध

लगभग पौने दो वर्षों से दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के रुकने का बेसब्री से इंतजार कर ही रही है, वहीं उसके सामने एक और बड़ी लड़ाई आकार लेती हुई नजर आ रही है। फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा शनिवार के तड़के केवल 20 मिनटों में इजराइल पर पांच हजार रॉकेट दाग दिये गये। इससे इजराइल व गाजा पट्टी में 500 लोगों के मरने की खबर है, जिनमें 26 इजराइली सैनिक हैं। दक्षिणी इजराइल के बिशेर्बा नामक शहर में 750 इजराइली नागरिक घायल हुए हैं। अनेक बेहद गम्भीर है। इसका जवाब देते हुए इजराइल ने गाजा पट्टी के 17 फिलिस्तीनी मिलिट्री शिविरों और चार सेना मुख्यालयों पर बड़ा हमला बोल दिया। दक्षिणी लेबनान पर उसने बम बरसाए हैं। इससे करीब 200 फिलिस्तीनियों की मौत हुई तथा डेढ़ हजार से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ऐलान किया है कि 'उनका देश युद्ध में शरीक हो गया है।' अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के साथ यूरोपियन यूनियन ने इजराइल का समर्थन किया है। दूसरी तरफ ईरान ने हमास को इस हमले के लिये बधाई देते हुए उसे आश्वस्त किया है कि इजराइल के खिलाफ लड़ाई में वह फिलिस्तीन व यरूशलम की आजादी तक उसका साथ देगा। अरब देशों के साथ इजराइल की लड़ाई का इतिहास करीब एक सदी पुराना है, यानी इजराइल को स्वतंत्र देश बनने के भी पहले से। अनेक बार इजराइल अपने मुस्लिम बहुल 8 पड़ोसी मुल्कों से उलझता रहा है जिस दौरान इनके बीच कई जंगें हो चुकी हैं। हालांकि 1978 के मध्य में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निमंत्रण पर तब के इजराइली पीएम मेनाकेम बेगिन एवं एक युद्धरत देश मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात के बीच कैंप डेविड में शांति समझौता हुआ था लेकिन अन्य देशों के साथ ऐसा कोई माहौल कभी नहीं बन पाया। इन देशों के साथ इजराइल के हुए अनेक छोटे-बड़े संघर्षों ने फिलिस्तीन को अपनी जमीन खोने पर मजबूर ही किया। जहां तक ताजा लड़ाई की बात है, तो इसके आसार इस साल के अप्रैल से बनने लगे थे जब इजराइली पुलिस ने अल अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंककर इसे अपवित्र किया था। इस धर्म स्थल पर दोनों (इजराइल-फिलिस्तीन) अपना हक जताते हैं। यहूदी इसकी पश्चिमी दीवार को यहूदी मंदिर का अंतिम अवशेष मानते हैं तो वहीं फिलिस्तीनियों की मान्यता है कि यह अल बराक मस्जिद की दीवार है। उनके लिहाज से मक्का व मदीना के बाद यह मुस्लिमों के लिये सबसे पवित्र स्थान है। 1970 के दशक में एक समझौता हुआ था कि गैर मुस्लिम यहां आ सकते हैं परन्तु वे कोई धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर सकेंगे। पिछले दिनों इसलिये विवाद भड़का क्योंकि यहां आकर कुछ यहूदियों ने पूजा करने की कोशिश की थी। हमास ने यह आक्रमण ऐसे दिन पर (शनिवार को) बोला जब यहूदियों का पवित्र त्यौहार सिमचैट टोरा मनाया जा रहा था। इजराइल इन दिनों अपने अंदरूनी विवादों में भी व्यस्त है। सरकार द्वारा न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती करने वाले कदमों के खिलाफ वहां जन आंदोलन जारी हैं।

मतदाता जागरूक बने एवं दिखाये अपनी ताकत

ललित गर्ग

पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उनकी तारीखों का भी ऐलान हो गया है, अब चुनावी बिगुल बज चुका है, राजनीतिक दल एवं उम्मीदावार मतदाताओं को रिझाने, लुभाने एवं अपने पक्ष में मतदान कराने के लिये तरह-तरह के दांवपेंच चलायेंगे, इन लुभावनी छटाओं के बीच एक दिन के राजा यानी मतदाता को सतर्क एवं सावधान होकर अपने मत का उपयोग करना होगा। चुनाव मतदाताओं के हाथ में एकमात्र लेकिन बहुत ही कारगर संवैधानिक अधिकार होता है, जिसके सहारे वे जनप्रतिनिधियों का ही नहीं राष्ट्र का भविष्य निर्धारित-निर्मित करते हैं। इसलिये वक्त की नजाकत को देखते हुए मतदाता किसी प्रलोभन में न आये और देश-हित में सृजन करें। गरीब देश की टूटती सांसों को जीने की उम्मीद दें। भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त धमनियों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता का संचार करें। इस वक्त सब-कुछ बाद में, पहले देश-हित की रक्षा और उसकी अस्मिता है, राष्ट्रीय एकता का लक्ष्य है। मतदाता इसी लक्ष्य से पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को निर्णायक मोड़ दे सकेगा। मतदाता को जागरूक होकर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने में सहयोग करना होगा। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इसलिये पांच राज्यों में राजनीतिक दलों और मतदाताओं की ही नही, चुनाव आयोग की भी परीक्षा होगी। मतदाता की बड़ी जिम्मेदारी का यह एक दिन नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने का आधार है। लेकिन विडम्बना ही है कि मतदाता अपने अमूल्य वोट को चंद चांदी के टुकडों में बेच देता हो, सम्प्रदाय-जाति के उन्माद में योग्य-अयोग्य की पहचान हो खो देता हो, वह मतदाता भला योग्य उम्मीदवार को कैसे विधायी सदनों में भेज पाएंगा? नये-नये नेतृत्व उभर रहे हैं लेकिन सभी ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं एवं निर्णायक हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक सभ्यता का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि हम सभी ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच पांच राज्यों के चुनावों में हमें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो सकेगी? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों एवं उनके दागी उम्मीदवारों के पास नहीं है। किसी लोकतंत्र और उनके नुमाइंदों को देखकर इसका भान किया जा सकता है कि वहां के नागरिक, मौजूदा स्थिति में मतदाता, कितने समझदार और जिम्मेदार हैं। इसी समझदारी का परिचय मतदाताओं को देना है। आधार उनके पास है ही। उन्होंने शासन देखा है, माहौल भोगा है, नीति एवं नियमों की अनदेखी देखी है, अपने जनप्रतिनिधियों को परखा भी है और विपक्षियों को करीब से जाना भी है। वे भलीभांति महसूस कर सकते हैं कि संवेदनशीलता एवं राष्ट्रहित की उम्मीद वे किन से कर सकते हैं, कौन उनका खुद का, उनके परिवार, समाज और राज्य का भला करने वाला है, किसके हाथ में शासन की बागडोर सौंपकर वे निश्चिंत हो सकते हैं। जैसाकि हम जानते हैं कि लोग शीघ्र ही अच्छा देखने के लिए बेताब हैं, उनके सब्र का प्याला भर चुका है। लोकतंत्र को दागदार बनानेवाले अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ रही है। जो कोई सुधार की चुनौती स्वीकार कर सामने आता है, उसे रास्ते से हटा दिया जाता है। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री स्वयं एक नया रास्ता बनाने, लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं चुनाव की खामियों को दूर कंरने की ठानी है, इसलिये एक नया सूरज तो उदित होगा। लेकिन यह नया सूरज उगाने में मतदाता ही योगभूत है। मतदाता को दूरगामी एवं परिपक्व होना होगा, प्रशिक्षित होना होगा, तभी लोकतंत्र सुदृढ़ हो पायेगा एवं चुनाव के महासंग्राम के नीर-क्षीर से सक्षम एवं ईमानदार जनप्रतिनिधि चुने जा सकेंगे। जबकि अनेक मतदाताओं को अपने हिताहित का ज्ञान नहीं है, इसलिये हित-साधक एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं दल का चुनाव नहीं कर पाते। मतदाता की यह गलती एवं गैर-जिम्मेदारी आजादी के अमृतकाल में विश्राम पाये, इसके लिये इन पांच राज्यों के चुनाव कसौटी के हैं। ये चुनाव इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि इनको अगले लोकसभा चुनाव की पूर्वपीठिका के तौर पर देखा जा रहा है। इन पांच प्रदेशों से लोकसभा में 83 एवं राज्यसभा में 34 सांसद चुनकर आते हैं, ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल इन चुनावों को हल्के में नहीं ले सकता। इन चुनावों के नतीजे आम-चुनाव के लिये हवा बनाने-बिगाड़ने का आधार होंगे, इसलिये राष्ट्रीय पार्टियां अपने तरकश सजाने लगी है। लेकिन मतदाता इस सजावटी माहौल में अपने विवेक एवं समझ को नये पंख एवं परिवेश दे, स्वयं की जिम्मेदारी को महसूस करें। खुद के होने का भान कराये।

जान-बूझकर से तो कोई भी मतदाता गलती नहीं करता, पर बहकावे, प्रलोभन, जात-पात, मोहमुग्धता एवं अभाव में तो कभी-कभी अज्ञानतावश जनप्रतिनिधि चयन में उनसे गलती हो जाती है और गलत, अपराधी एवं अपरिपक्व जनप्रतिनिधि चुन लिये जाते हैं। यह गलती न हो, इसके लिए उन्हें अच्छी तरह सोच-विचार कर फैसला करना चाहिए। ऐसा करते समय यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि फिर पांच साल उन्हें यह कहने का नैतिक हक नहीं रहेगा कि उनका जनप्रतिनिधि या सरकार अच्छा नहीं कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि और सरकार को कोसने वाले 35-40 प्रतिशत मतदाता हमारे बीच ऐसे भी हैं, जो मतदान ही नहीं करते। मतदान न करने की उनकी यह प्रवृत्ति भी लोकतंत्र की एक बड़ी विसंगति एवं कमजोरी का कारण है। पांच राज्यों की सरकारें चुनावों के चलते तमाम जनहित के फैसलों को टालती हैं या लोक-लुभावन फैसले लेती हैं।

बढ़ते नेत्र-रोगियों से दुनिया धुंधली हो रही है

ललित गर्ग

विश्व दृष्टि दिवस प्रत्येक वर्ष अक्तूबर के दूसरे गुरुवार को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। इस साल यह 12 अक्टूबर गुरुवार को पड़ रहा है। यह दिन दृष्टि हानि, अंधापन के साथ-साथ दृष्टि संबंधी समस्याएं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है, सभी लोगों के लिए अच्छी दृष्टि के महत्व पर प्रकाश डालता है। विश्व दृष्टि दिवस 2023 की थीम है ह्लकाम पर अपनी आँखों से प्यार करें: कार्यस्थल में आँखों की देखभाल! यह विषय समग्र कल्याण के मूलभूत पहलू के रूप में कार्यस्थल में दृष्टि स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व को रेखांकित करता है, क्योंकि आधुनिक जीवनशैली एवं कार्यस्थलों पर कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते प्रचलन में आंखें पर ही सर्वाधिक जोर पड़ता है। इस तरह जो लोग स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताते हैं, उनमें समय के साथ आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियां होने का खतरा रहता है। मोबाइल-कंप्यूटर या टेलीविजन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों के लिए बहुत हानिकारक होती है। विश्व दृष्टि दिवस नेत्र देखभाल सेवाओं तक समान पहुंच को बढ़ावा देता है, विशेष रूप से वंचित और हाशिए पर रहने वाली आबादी के लिए। यह आंखों की देखभाल को किफायती और सभी के लिए उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर देता है। विश्व दृष्टि दिवस इसलिये काफी महत्त्वपूर्ण है, दुनिया भर में नेत्र रोगों में बहुत अधिक बढ़ावा हो रहा है। दृष्टि हानि सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है और अधिकांश प्रभावित लोग 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं। बढ़ते नेत्र-रोगियों से दुनिया धुंधली हो रही है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एक अरब से अधिक लोग ऐसे हैं जो ठीक से देख नहीं सकते हैं क्योंकि उनके पास चश्मे तक पहुँच की सुविधा नहीं है। इनमें से एक अरब लोग निवारण किये जा सकने योग्य दृष्टि दोष से पीड़ित हैं। दृष्टि हीनता व्यक्तिगत गतिविधियाँ, घूमने-फिरने, स्कूली शिक्षा और कार्य, दैनिक दिनचर्या, सामाजिक मेलमिलाप व वातार्लाप जैसे जीवन के हर पहलू पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ती है। शरीर की खूबसूरती में आंखें एवं उनकी दृष्टि-सम्पन्नता बहुत सहायक होती है। कवियों ने तो अपनी कविताओं, गजलों, गीता में उपमाएं देकर आंखों का बखान किया हैं। उनकी कल्पना में जब जुबान खामोश होती है तो आंखें बोलती है, इसलिये दृष्टि दिवस पर आंखों के बारे में जानना और उनकी सुरक्षा करना जरूरी है।



यो तो हमारे शरीर का हर अंग हमारे लिए बहुत कीमती और महत्वपूर्ण है। यदि उनमें से कोई भी अंग खराब या कमजोर हो जाए तो हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, हम इस जीवन का आनंद भी ठीक से नहीं ले पाते हैं। खासकर अगर आंखों की बात करें तो यह हमारे शरीर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है। कुदरत का यह नायाब तोहफा है, जिससे सारी दुनिया की रंगीनी एवं अच्छी-बुरी सभी चीजें देखी जा सकती है। ऐसे में अगर आंखों को कुछ हो जाए तो दुनिया कितनी बेरंग हो जायेगी? यह किसी के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है, यह जीवन का अधूरापन है। आंखों का काम देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है। शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें ही होती है, इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों का खास ख्याल रखें। आंखों को सही रखने के लिए सही खान-पान का होना बहुत जरूरी है।

आंखें शरीर का वह अंग हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि, समय के साथ जीवनशैली और खान-पान में गड़बड़ी के कारण इससे जुड़े खतरे बढ़ते जा रहे हैं। चाहे वह मोबाइल एवं कंप्यूटर पर बहुत अधिक समय बिताना हो या शुगर और बीपी जैसी बीमारियां हों, इन सभी का आंखों के स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधेपन और कमजोर नजर का मुख्य कारण मोतियाबिंद, डायबिटिक रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों को बताया है। आँख या नेत्र जीवधारियों का वह अंग है जो प्रकाश के प्रति संवेदनशील है। अच्छी दृष्टि किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव डालती है। यह लोगों को दैनिक कार्य करने, शिक्षा प्राप्त करने और समाज में पूरी तरह से भाग लेने, समग्र कल्याण में योगदान करने में सक्षम बनाता है।

दृष्टि दिवस संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ जुड़ा है, जिसमें इस बात पर जोर दिया जाता है कि अच्छी दृष्टि सुनिश्चित करना व्यापक वैश्विक विकास उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक अभिन्न अंग है। विश्व दृष्टि दिवस वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देता है, दृष्टि हानि और अंधापन को रोकने के लिए एक साझा मिशन में व्यक्तियों और संगठनों को एकजुट करता है। हर साल दुनिया भर में अंधापन और दृष्टि हानि के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर लायंस क्लब फाउंडेशन सक्रिय हुआ, इसकी प्रेरणास्रोत बनी अमेरिकी लेखिका, शांतिकर्मी, युद्ध विरोधी राजनीतिक कार्यकर्ता, समाजसुधारक एवं प्रेरक उद्बोधक हेलेन केलर, वो स्वयं अंधी होने के बावजूद दुनिया में अनूठे एवं विलक्षण कर किये। 1925 में, जब लायंस इंटरनेशनल केवल सात वर्ष का था, प्रसिद्ध हेलेन केलर ने अपने वार्षिक सम्मेलन में लायंस सदस्यों से अंधता निवारण पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए अंधेरे के खिलाफ धर्मयुद्ध में अंधों के शूरवीर बनने के लिए चुनौती दी। उस भाषण ने लायंस की एक नई दिशा तय कर दी और तब से साइट फर्स्ट अभियान की नेत्र-क्रांति से अंधता को दूर किया जा रहा है। दुनिया भर में लाखों लायंस सदस्यों ने दृष्टिबाधित लोगों की मदद करने के लिए अपने उल्लेखनीय उपक्रम कर रहे हैं। इस प्रयास में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ-साथ इंटरनेशनल एजेंसी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) द्वारा सहयोग मिल रहा है। आईएपीबी एक वैश्विक संगठन है जिसमें 100 से अधिक देशों के विभिन्न धर्मार्थ संगठन और गैर सरकारी संगठन एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अंधता रोकथाम और इलाज खोजने सहित अंधेपन के मुद्दे पर जागरूकता फैलाई जाती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में बहुत से लोगों को अंधेपन और अन्य ऑप्टिकल समस्याओं का खतरा अधिक है क्योंकि उनके पास आंखों की देखभाल तक पर्याप्त पहुंच नहीं है। विश्व दृष्टि दिवस एक चैरिटी में दान करने के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रदान करता है जो उन लोगों की मदद करता है जो अपनी आवश्यक दृष्टि देखभाल पाने के लिए

हड़बड़ी में पार्टी की फजीहत करवाते भाजपा नेता

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में भाजपा को चुनाव जीतने की कितनी जल्दी बाजी हो रही है। इसका एक उदाहरण हाल ही में सामने आया है। जिससे भाजपा की बड़ी फजीहत हो रही है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ नहीं सहेगा राजस्थान अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिनो पूर्व इसी अभियान के तहत भाजपा द्वारा किसानों से जुड़ा हुआ एक पोस्टर जारी किया गया था। जिस पर एक किसान का फोटो लगाकर लिखा गया था कि राजस्थान में 19000 से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान। पोस्टर पर जिस किसान माधुराम की फोटो लगाई गई है उसका कहना है कि पोस्टर में मेरी जमीन नीलाम होने की बात लिखी गयी है। जबकि मेरी तो कोई जमीन नीलाम ही नहीं हुयी है। मुझसे पूछे बिना ही बेवजह पोस्टर पर मेरी फोटो लगा दी गई है। मेरा कहीं भी किसी भी बैंक में कोई लोन बकाया नहीं है। जिसने भी मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया है उनको तुरंत ही मेरी फोटो पोस्टर से हटाकर माफी मांगनी चाहिए। पूरे प्रदेश में मेरी फोटो लगे पोस्टर लगने से मेरी बहुत बदनामी हुई है। मेरे पास आज भी 188 बीघा जमीन है। मगर किसी का भी कोई कर्जा नहीं है। करीबन 70 वर्षीय माधुराम जयपाल जैसलमेर जिले के रामदेवरा क्षेत्र के रिखियों की ढाणी के रहने वाले हैं। पोस्टर पर अपनी फोटो आने के बाद उन्होंने भाजपा के जिला स्तरीय नेताओं से संपर्क कर अपनी फोटो हटवाने के लिए बोल दिया है। इस बाबत जैसलमेर जिले के भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शारदा का कहना है कि सभी तरह के पोस्टर प्रदेश स्तर से बनवाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर हमारी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं थी। एक किसान ने आकर बताया था। हम प्रदेश नेतृत्व को अवगत करवा देंगे। माधुराम का कहना है कि 2 महीने पहले दो लड़के हमारे गांव में कैमरे लेकर आए थे। तब उन्होने बोला था कि हम फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। सरकार के सामने आपके फसल खराबे की रिपोर्ट रखेंगें। तब उन्होंने मेरी फोटो ली थी। उगर उन्होंने मुझे नहीं बताया था कि पोस्टर पर मेरी फोटो लगाई जाएगी। किसान माधुराम के सबसे छोटे बेटे जुगताराम का कहना है कि जब से मेरे पिताजी को पोस्टरों पर उनकी फोटो लगने के बारे में पता लगा है तब से वह बहुत टेंशन में रहने लगे हैं। मुझे बार-बार पूछते हैं कि वह फोटो हटी कि नहीं। मेरी बहुत बदनामी हो गई। मेरे पिताजी को बहुत तकलीफ हो रही है। हम लोग भाजपा के नेताओं से प्रार्थना करते हैं कि पोस्टरों से मेरे पिताजी की फोटो को हटवा देवें। इस तरह की घटनाओं से राजनेताओं ने तो अपना स्वार्थ साध लिया है। मगर गांव में रहने वाले एक इज्जतदार किसान की इज्जत तो खराब हो गई जिसकी भाजपा कैसे भरपाई कर पाएगी। भाजपा नेताओं को चाहिए कि कोई भी कार्य करने से पहले उसे अच्छी तरह से जांच परख कर ही आगे बढ़ायें। जिस तरह की घटना एक गरीब किसान माधुराम के साथ घाटी है उस घटना को उसका परिवार जन्म-जन्मांतर तक नहीं भूला सकेगा। जिन पोस्टरों के बल पर भाजपा राजस्थान में सरकार बदलने के लिए हवा बन रही है। वह पोस्टर ही फुस्स हो गया।

वैचारिक सामंजस्य और शांती से समाधान

संजीव ठाकुर

किसी बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। किसी विचार या मुद्दों से असहमत होने का मतलब हिंसा प्रतिफल के रूप में नहीं हो सकती है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 2000 लोगों की जान चली गईऔर 5000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। आखिर मानवता को क्या हो गया है इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है। लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। वैश्विक शांति में खलबली मच गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत पर एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं।

समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है।

इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा।

पुलिस ने दबोचे पांच वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी शिवरामपुर चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को शिवरामपुर चैकी प्रभारी चन्द्रमणि पाण्डेय ने मुन्नू वर्मा पुत्र स्व चुनवाद वर्मा, बबुली पुत्र स्व चुनवाद वर्मा, रमइया पुत्र टहलू वर्मा, अजय सोनी पुत्र भाऊराम, कमलेश वर्मा पुत्र बुआराम वर्मा निवासी शिवरामपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, दरोगा राधेश्याम सिंह, दीवान सुनील सिंह सेंगर, सिपाही नरेंद्र कुमार शामिल रहे।

कोर्ट से जा रही बेहोशी दशा में घर पहुंची महिला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कोर्ट से तारीख कर घर जा रही महिला के साथ अनहोनी हो गई। अर्धनग्न दशा में महिला रात ढाई बजे घर पहुंची।

बरगढ़ थाना क्षेत्र के जमिरा गांव की राधा देवी पत्नी राजबली कोल के साथ ये घटना सोमवार की शाम हुई। बताया गया कि सोमवार को कर्वी न्यायालय से तारीख कर महिला कर्वी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो से बरगढ जाने को बैठी थी। कुछ लोगों ने महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। ऐसे लोगों से बचने को बेहोशी दशा में ट्रेन से आउटर पर उतरी महिला अर्धनग्न दशा में ढाई बजे रात को घर पहुंची। परिजनों ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में सवा चार बजे भर्ती कराया। स्वास्थ्य केंद्र मऊ से महिला को सदर कोतवाली कर्वी लाया गया। पीड़ित महिला की दशा में कोई सुधार नहीं हो रहा। बेहोशी के चलते महिला कुछ बोल नहीं पा रही। महिला के होश में आने पर घटना का खुलासा हो सकता है।

मेरी पहचान मेरा हुनर: सम्प्रेक्षण गृह में हुई प्रतियोगितायें जिला जज ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र के क्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में निरंतर योग, बौद्धिक शिक्षा, संगीत, खेलकूद, पठन-पाठन, कला, निबन्ध-लेखन, वाद-विवाद प्रशिक्षण व प्रतियोगितायें की गयी। मंगलवारको गांधी जयंती से शुरू मेरा हुनर मेरी पहचान मेला के तहत आठ अक्टूबर तक विभिन्न प्रतियोगिता हुई। समापन पर जनपद न्यायाधीश प्रथम विकास ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समापन पर जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बच्चों से कहा कि व्यक्तित्व में छुपी प्रतिभा का विकास करने के उद्देश्य से प्रतियोगितायें कराई गई हैं। समय का सदुपयोग कर अपने हुनर का विकास कर व्यक्तित्व का विकास कर समाज को सफल व्यक्ति के तौर पर स्थापित करें। जनपद न्यायाधीश ने किशोरों से कहा कि प्रस्तुत कार्यक्रम से किशोरों के अन्दर विद्यमान प्रतिभा बाहर आती है। उस ऊर्जा को सही दिशा देने की जरूरत है। कार्यक्रम की रूपरेखा अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

इस मौके पर प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड सुश्री सोनम गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, जिला संयोजक कौशल विकास मिशन राकेश कुशवाहा, अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह बीर सिंह व कशोर न्याय बोर्ड के सदस्य आदि मौजूद रहे।

ह्नजाति बीमारी है, छिपाने से नहीं होगा इलाजह्न नेताजी को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। किसानों, मजदूरों, मजलूमों के मसीहा धरतीपुत्र के नाम से विख्यात/समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर सपा जिला कार्यालय समेत सभी विकासखंडों में पुष्पांजलि देकर गोष्ठी हुई। मंगलवार को मानिकपुर ब्लाक के विधानसभा अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव, मऊ ब्लाक के खंडेहा गांव में सपा के वरिष्ठ नेता हरी यादव, जिला उपाध्यक्ष जगदीश यादव, राजापुर में जिला सचिव मनीष विश्वकर्मा, प्रिंस केशरवानी, गोपाल साहू, पहाडी में विधानसभा अध्यक्ष राजाबाबू यादव ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी। सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गोष्ठी हुई। गोष्ठी में शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि नेताजी ने समाज चिन्तक डॉ लोहिया के विचारों को मुख्यमंत्री/रक्षामंत्री रहते हुए जमीनी हकीकत दी। गांव-गली, किसान, मजदूर के लिए आजीवन कार्य किया। प्रत्येक जाति समुदाय के लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने के कार्य किये। नेताजी का मानना था जाति बीमारी की तरह है, इसे छिपाने से बीमारी का इलाज नहीं होगा। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जातीय जनगणना की बात कर रहे हैं, ताकि सभी जातियों का विकास व योजनाओं का लाभ मिल सके।

गोष्ठी में सपा नेता मो गुलाब खां, नरेन्द्र यादव, सुभाष पटेल, अश्वनी, विक्की यादव, रमा यादव, सियाराम गुप्ता, सीताराम कश्यप, मेघराज प्रजापति, लालबहादुर निषाद, सरनाम यादव, निजाम सिद्दीकी, जागेश्वर यादव, गोपीचन्द्र, रामसागर, राकेश प्रजापति, मुन्ना सोनकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

दंगल में पहलवानों के दांवपेंच देख लोग हुए दंग

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। ऐंचवारा गांव में हुए दंगल में कई जिलों से आए पहलवानों ने मल्ल युद्ध कला का प्रदर्शन किया। एक-दूसरे को चित्त कर पहलवानों ने ईनाम जीते। सांसद-विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। दंगल दौरान आसपास के गांवों से हजारों की भीड़ जुटी रही।

सोमवार को ऐंचवारा गांव के आर्यावर्त बैंक के पास हुए दंगल में स्थानीय व आसपास जिलों बांदा, कौशांबी, हमीरपुर, फतेहपुर व प्रयागराज से पहलवान पहुंचे। अपरान्ह बाद दंगल में तीन दर्जन से अधिक पहलवानों ने दांवपेंच दिखाये। सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्र, मानिकपुर अरविंद मिश्र, सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी आदि ने पहलवानों से हाथ मिलवाया। विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। दंगल में मोहनलाल मऊ टिटिहरा व सोनू रेहुंटा, महेन्द्र सरैंया व शिवम चर, विनोद कौशांबी व राममिलन मऊ, भारत सरैया व दिलीप मानिकपुर, ललित खरौंध व प्रकाश फतेहपुर, देवराज बांदा व प्रीतम हमीरपुर, जय सिंह हमीरपुर व ननकाई मर्का, उदय मऊ टिटिहरा व राकेश कालिंजर, कुंजविहारी मऊ टिटिहरा व जितेन्द्र कानपुर, बलबीर झांसी व मुन्ना वारागढ़ा, सोनू आगरा व सुदामा मऊ टिटिहरा आदि के बीच कुश्तियां हुई। प्रधान सुनील शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। निर्णायक मंडल में गुलाब सिंह, रमाशंकर शुक्ला, वीके शुक्ला व सुनील तिवारी रहे। इस दौरान पूर्व प्रधान त्रिवेणी प्रसाद, नंदकिशोर, रामकिंकर गौतम, भइयाराम, अनुसुइया तिवारी, गोविंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

अमृत सरोवरों का करें सुन्दरीकरण: डीएम अगली बैठक में प्रगति व फोटो करें पेश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अटल भू-जल योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास खंडवार चयनित अमृत सरोवर की संख्या 53 बाबत कृषि एक्सपर्ट दिलीप कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि सीडीओ से कार्य योजना लेकर कार्य करें। उन्होंने सीडीओ से कहा कि कृषि एक्सपर्ट उप कृषि निदेशक के साथ मिलकर कृषि कार्य करायें।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अमृत सरोवर का भौतिक सत्यापन हुआ है, नामित अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर लिया है, तो उसका भुगतान करायें। सभी कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि अमृत सरोवर में इनलेट-आउटलेट पर विशेष ध्यान दें। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिये कि चेकडैम, रपटा, तालाब वन क्षेत्र में है, उनकी नाप कराकर प्रस्ताव बना लें। इनलेट, गहराईकरण मशीनों से करायें, ताकि जल्द कार्य हो सके। अमृत सरोवर तालाब पर घाट व वृक्षारोपण में ट्रीगार्ड लगवाए। अटल भू-जल योजना तहत जिले में अमृत सरोवर तालाबों के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

उन्होंने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिये कि लाइट, इंटरलॉकिंग, वृक्षारोपण, ट्रीगार्ड अच्छे से करायें। शेष पैसा बचा है तो वॉटर मीटर भी बनवायें। अपर मुख्य अधिकारी, प्रभारी अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई, डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि तीनों लोग पीपीटी बनवायें, ताकि कार्य की प्रगति व फोटो समेत अगली बैठक में पेश करें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीएफओ पीके त्रिपाठी, एएमओ सुधीर कुमार, एक्साईन प्रमोद कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता जिला पंचायत भगत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडे, कृषि एक्सपर्ट दिलीप श्रीवास्तव, आईईसी एक्सपर्ट अजय श्रीवास्तव, एई नोडल अटल भू-जल योजना सौरभ सरोज आदि मौजूद रहे।

2030 तक करना है बाल विवाह उन्मूलन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अंर्तराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को संत मदनगोपाल दास, अध्यक्ष नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज अग्रवाल, सुनील द्विवेदी व शिवमूरत दुबे की मौजूदगी में शहर के रेस्टोरेन्ट में संस्था जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

मंगलवार को हुई प्रेसवार्ता में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की स्थापना नोबल सम्मान विजेता कैलाश सत्यार्थी ने बच्चों की सुरक्षा को की थी। बच्चों के खिलाफ हिंसा एवं शोषण मुक्त भारत बनाने को कार्यरत हैं। बाल विवाह सामाजिक बुराई है। जो बच्चों के अधिकारों व बचपन पर दुष्प्रभाव डालती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू है। विश्वास है कि बाल विवाह समाजिक बुराई को खत्म करने को कानून के प्रभावी क्रियान्वयन समेत लोगों में जागरूकता लाने से इस बुराई को खत्म किया जा सकता है। अभियान के लिए 14 राज्य सरकारों से समर्थन मिला है। संस्था के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि बाल विवाह मुक्त अभियान भारत देश के तीन सौ से अधिक प्रभावित जिलों में संचालित है। ये राष्ट्रव्यापी अभियान है। इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक बाल विवाह का उन्मूलन करना है, ताकि कम उम्र की तीन करोड़ लडकियों को असमय शादी से बचाया जा सके। ये अभियान देश मे बाल संरक्षण सुनिश्चित करने वाली मौजूदा सरकारी नीतियों व कानूनो के प्रभावी क्रियान्वयन पर किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ प्रभाकर सिंह, मुदित मिश्रा एवं संतोष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

क्षेत्र की गतिविधियों की चैकीदार दें जानकारी: एएसपी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अजीत पाण्डेय की मौजूदगी में थाना क्षेत्र के सभी चैकीदारों की बैठक हुई।

मंगलवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने चैकीदारों से कहा कि गांव में कोई भी संदिग्ध गतिविधि समझ में आये तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि गांव में किसी तरह के पनप रहे विवाद की जानकारी भी पुलिस को देते रहें। गांवों में भूमि विवाद के गम्भीर होने की दशा में पुलिस को जानकारी दें। चैकीदारों से कहा कि क्षेत्र की निगरानी रखें। लोगों पर नजर रखने के साथ निर्धारित थाना क्षेत्र में प्राथमिकता से अपराध व अपराधियों पर पैनी निगाह रखें। थाना क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर समय से क्षेत्र के हल्का प्रभारी व थाना प्रभारी को हर हाल में जानकारी दें। चैकीदारों की यही ड्यूटी है। अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहें।

प्राकृतिक खेती संवर्धन को जन जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के गिदुरहा में प्राकृतिक खेती संवर्धन को जन जागरूकता रैली का सृजन संस्थान ने निकाली। बुन्देलखण्ड में जल, कृषि एवं अजीविका पहल के संयुक्त प्रयास हो रहे हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को किसानों ने स्लोगन व गीतों से प्रेरित किया। मंगलवार को चर्चित गीत जागो-जागो रे पाठा के किसान की बिरिया आई चेतन की प्रेरणा गीत से महिलाओं ने गांव में किसानों को प्रेरित किया। गीत जाग जाये अगर गांव की नारियां, गांव खुद ही बदल जायेगा गाकर जागरूक किया। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को हरी खाद की फसल उगाओ, खेतों में जीवाश्म बढाओ, गाय का गोबर खेत में डालो, खेत में उपज बढ़ा लो के नारे से किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के गुरुदयाल, सन्तोष कुमार, मनोज कुमार, राजू प्रसाद, रामविलाश, अनीश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सुमनलता की अहम भूमिका रही। गांव के 60 किसानों की सहभागिता रही। खासतौर से प्रधान रघुनन्दन, पीएम चरन, मोहन, गोला, मैना, कंधी, चन्द्रकली आदि मौजूद रही।

टिकरिया की 442 मि भूमि में एक और ने किया दावा

अखंड भारत संदेश



मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव के राकेश पुत्र संतोषा ने तहसील के एसडीएम रामजन्म यादव को सौंपे पत्र में कहा कि टिकरिया में गाटा संख्या 442 मि में उसके नाम 1.050 हेक्टेयर का पट्टा है। उसने खतौनी दिखाते हुए कहा कि पट्टा की पैमाइश दस सितम्बर को हो गई है। मौके पर कब्जा भी कर लिया था। मंगलवार को पीडित ने एसडीएम से कहा कि सुभाष जायसवाल ने दबंगई से उसका खेत जोतने की धमकी दे रहा है। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। उसके खेत की मेडबन्दी भी हो चुकी है। पीडित ने कहा कि टिकरिया के गाटा संख्या 442 मि पर उसे दबंग सुभाष से कब्जा दिलाया जाये। ज्ञात है कि टिकरिया की 442 मि पर लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता ने भू-माफिया किस्म के लोगों को किसी सूरजदीन से जमीन बैनामा करा दी है। इस जमीन पर बिना दाखिल-खारिज के तकरीबन 180 बीघे भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। यहां पर स्थित सरकारी नाले पर भी कब्जा हो गया है

लेखपाली नहीं, करता है प्रापर्टी डीलिंग भू-माफियाओं ने कर रखा है तबाह

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील में कार्यरत लेखपाल क्षेत्र में लेखपाली नहीं करता, बल्कि प्रापर्टी डीलिंग का कारोबार करता है। उसने एक सिंडीकेट बनाकर पूंजीपतियों को आदिवासियों व दलितों की जमीन दिलाता है। पहले वह आदिवासियों की जमीन दलित के नाम बैनामा करा देता है। फिर उसी बैनामे को पूंजीपतियों के नाम करवा देता है। फर्जी मेडिकल बनवाने में भी उसे महारथ हासिल है। आज-कल वह कभी काले रंग की स्कार्पियो व कभी बलेनो तो कभी और दूसरी लग्जरी गाडियों से क्षेत्र में आता-जाता है। लेखपाल की भूमिका किसी भू-माफिया से कम नहीं है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कडे निर्देश हैं कि भू-माफिया को मिट्टी में मिलाया जाये। ऐसे भू-माफियाओं पर जिले में कहीं कोई कार्यवाही नहीं हो रही। ऐसे में भू-माफियाओं ने चित्रकूट ही नहीं, प्रदेश को भी तबाह कर रखा है।

पत्नी की तलाश में पति ने एसपी से लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रैपुरा थाना क्षेत्र के गहोरा खास के अनूसूचित जाति के ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पुणे महाराष्ट्र में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। पत्नी सरदार पटेल इंटर कॉलेज रैपुरा में 11वीं की छात्रा है। दो नाबालिक बच्चे हैं, गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे हैं। मंगलवार को पीड़ित पति ने एसपी को सौंपे पत्र में कहा कि 24 सितम्बर की रात सरदार पटेल इंटर कॉलेज रैपुरा के सहायक अध्यापक सुरेश कुमार पांडेय पुत्र बैजनाथ पांडेय निवासी बेलरी थाना रैपुरा तीन अज्ञात गुर्गों समेत तमंचा से लैस होकर उसकी गैर मौजूदगी में मानसिक रूप से विक्षिप्त पत्नी, दो नाबालिग बच्चों व पिता को बंधक बना लिया। आरोपीगणों ने विक्षिप्त पत्नी व बच्चों तथा पिता को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली-गलौज कर पीटकर पांच लाख रूपए की फिरौती मांगने लगे। आरोपीगणों को फिरौती नहीं मिली तो विक्षिप्त पत्नी से गैंगरेप किया। विक्षिप्त पत्नी व दो बच्चों को बंधक बनाकर ले गए। पिता ने घटना की जानकारी दी तो वह पुणे महाराष्ट्र से आया। आरोपी सुरेश पांडेय के घर गया। वहां छोडे नम्बर 9005743847 पर संपर्क किया तो आरोपी ने पांच लाख रूपए मांगे। उसके गुर्गे मिथलेश पटेल पुत्र केशव पटेल के फोन 8303927384 किया तो गुंता बांध नहर के पास पांच लाख रूपए लेकर आने को कहा। पीडित अस्सी हजार रूपए लेकर गुंता बांध पहुंचा। मिथलेश पटेल ने अस्सी हजार रुपए ले लिये। चार लाख बीस हजार और लाने को कहा। पीड़ित पति ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

भाजपा ने जारी की 57 उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट

भोपाल । मध्य प्रदेश से होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की चौथी सूची आ गई है। इस सूची में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कुल 57 उम्मीदवारों के नाम हैं। भाजपा केंद्रीय कार्यालय से जारी सूची के मुताबिक अटेर से अरविंद भदौरिया, ग्वालियर ग्रामीण से भारत सिंह कुशवाह, ग्वालियर से प्रद्युम्न सिंह तोमर, दतिया से डॉ. नरोत्तम मिश्रा, खुरई से भूपेंद्र सिंह, सुर्खी से गोविंद सिंह राजपूत, रहली से गोपाल भार्गव, नरयावली से प्रदीप लारिया, सागर से शैलेंद्र जैन, खरगापुर से राहुल लोधी, मलहरा से प्रदुम्न सिंह लोधी, पन्ना से बृजेंद्र प्रताप सिंह, रामपुर बघेलान से विक्रम सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह सिरमौर से दिव्यराज सिंह, मऊगंज से प्रदीप पटेल, देव तालाब से गिरीश गौतम, रीवा से राजेंद्र शुक्ला, चुरहट से शारदेंदु तिवारी, जयसिंहनगर से मनीषा सिंह, जैतपुर से जयसिंह मरावी, अनूपपुर से बिसाहू लाल सिंह, मानपुर से मीना सिंह, विजय राघवगढ़ से संजय सत्येंद्र पाठक, बुढवारा से संदीप जयसवाल, पाटन से अजय बिश्नोई, जबलपुर छावनी से अशोक रोहाणी, पनागर से सुशील तिवारी, परसवाड़ा से रामकिशोर कांवरे, सिवनी से दिनेश राय, आमला से योगेश पंडाग्रे, हरदा से कमल पटेल को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने सुहागपुर से विजयपाल सिंह, सांची से प्रभु राम चौधरी, सिलवानी से रामपाल सिंह, सिरोंज से उमाकांत शर्मा, बैरसिया से विष्णु खत्री, नरेला से विश्वास सारंग, गोविंदपुरा से कृष्णा गौर, हुजूर से रामेश्वर शर्मा, बुधनी से शिवराज सिंह चौहान, इच्छावर से करण सिंह वर्मा, बदनावर से राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, इंदौर-दो से रमेश मेंडोला ,इंदौर-चार से मालती सिंह गौड़, सांवेर से तुलसीराम सिलावट, उज्जैन दक्षिण से मोहन यादव, रतलाम शहर से चैतन्य कुमार कश्यप, मंदसौर से यशपाल सिंह सिसोदिया, मल्हारगढ़ से जगदीश देवड़ा, सुवासरा से हरदेव सिंह डंग, जावद से ओमप्रकाश सखलेचा को पार्टी ने मैदान में उतारा है।

हमास के हवाई हमले में बाल-बाल बची अमेरिकी पत्रकार की जान, लाइव टेलीकास्ट के दौरान पास में गिरा रॉकेट

येरूशलमः इस्राइल में घुसकर फलस्तीन की आतंकी संगठन हमास ने खुलेआम सड़कों पर गोलीबारी करने के साथ हवाई हमले भी किए, जिसमें अबतक 900 के करीब इस्राइली नागरिकों की मौत हो चुकी है। जहां इस हमले से डरकर लोग अपने घरों में छिपने के लिए मजबूर हो गए हैं, तो वहीं अमेरिकी न्यूज चैनल की रिपोर्टर और उनकी टीम ने इस हमले को काफी करीब से देखा है। उन्होंने हमास द्वारा किए गए इस हमले का जिक्र करते हुए अपनी दास्तां बताई हैं।

बाल-बाल बची अमेरिकी संवाददाता

अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की मुख्य अंतर्राष्ट्रीय संवाददाता क्लेरिसा वार्ड एक लाइव सेगमेंट के बीच थी, तभी उन्होंने रॉकेटों की तेज आवाज सुनी। आवाज सुनते ही वह अपनी तीन साथियों के साथ सड़क किनारे जाकर छिप गई। इस दौरान कैमरामैन को बोलते सुना गया, 'ठीक है, ठीक है।'

संवाददाता वर्ड ने इस दौरान अपनी स्थिति के लिए सीएनएन टीम से माफी मांगी और वहां के दृश्य का वर्णन किया। उन्होंने बताया, 'हम यहां भारी मात्रा में रॉकेट आते हुए देख रहे हैं। यह हमसे ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए हमें छिपने के लिए सड़क किनारे आना पड़ा।' अमेरिकी संवाददाता ने बताया कि वे लोग रॉकेट से केवल पांच मिनट की दूरी पर थे। उन्होंने कहा, 'इस्राइल से लगने वाली सीमा को तोड़ते हुए उन्होंने हमला किया और इसी सड़क से उन्होंने हमले की शुरुआत की। आतंकी जहां भी जा रहे थे वे वहां शीशा का छिड़काव कर रहे थे। उन्होंने एक ट्रक की तरफ भी इशारा किया, जिसे बाद में इस्राइली सेनाओं द्वारा उठा लिया गया।'

महात्मा गांधी ने जहां से शुरू की थी वकालत, अब उसी जगह उनकी प्रतिमा का हुआ अनावरण

जोहानेसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में महात्मा गांधी की आठ फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया है। इस प्रतिमा का अनावरण टॉलस्टॉय फॉर्म में हुआ। गौरतलब है कि 20वीं सदी की शुरुआत में जोहानेसबर्ग की इसी जगह से महात्मा गांधी ने अपने

वकालत के करियर की शुरुआत की थी। महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण दक्षिण अफ्रीका में भारत के राजदूत प्रभात कुमार ने किया। महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर भारतीय राजदूत प्रभात कुमार ने कहा कि यह प्रतिमा महात्मा गांधी के जीवन के उस समय की याद दिलाती है, जब वह दक्षिण अफ्रीका छोड़कर गए थे। यह टॉलस्टॉय फार्म के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जहां महात्मा गांधी पांच-छह साल रहे। बता दें कि महात्मा गांधी साल 1910 से लेकर 1914 के बीच टॉलस्टॉय फार्म इलाके में रहे थे।

इजरायली एक्शन से गाजा में तबाही ! हमास के 1700 ठिकाने नेस्तनाबूत व 700 की मौत, 1.87 लाख लोगों ने छोड़ा घर

हमास। हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के बाद पिछले 72 घंटे से इजरायली सेना की बमबारी ने गाजा पट्टी में भारी तबाही मचाई है। इजरायल की एयर फोर्स ने गाजा पर ऐसा हमला बोला है, जिसके बाद हमास आतंकी थर्रा उठे हैं। इजरायल ने गाजा में हमास के 1700 से अधिक ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है। इनमें हमास के 475 रॉकेट सिस्टम, 73 कमांड सेंटर शामिल हैं ।सोमवार को तो तीन घंटे के भीतर 130 टारगेट फिक्स करके इजरायल की एयरफोर्स ने इन्हें तबाह कर दिया। इजरायल ने 23 ऐसी इमारतों पर भी हमला किया, जिनका इस्तेमाल हमास के आतंकी करते हैं। इसके अलावा 22 अंडरग्राउंड ठिकानों को भी तबाह कर दिया गया। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि गाजा में इजरायली बम विस्फोटों में इमारतें मलबों के ढेर में तब्दील हो गई हैं ।704 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें 143 बच्चे और 105 महिलाएं शामिल हैं जबकि 4,000 लोग घायल हुए हैं । संघर्ष शुरू होने के बाद से तीन दिन में गाजा में कम से कम लाखों लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं पिछले घंटों के दौरान पूरे गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर विस्थापन बढ़ गया है, और घर छोड़ने वाले लोगों का आंकड़ा 1.87 हजार के पार पहुंच गया है।

अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने हमास की निंदा कर कहा, हम इजराइल के साथ

वाशिंगटन। इजराइल पर हमास हमले के बाद पश्चिमी जगत खुल कर इजराइल के साथ खड़ा हो गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने संयुक्त बयान जारी कर इजराइल के साथ होने की बात कही है। बयान में इजराइल पर हमले के लिए हमास की निंदा की गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस से जारी संयुक्त वक्तव्य में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इजराइल के प्रति अपना दृढ़ और एकजुट समर्थन व्यक्त करने और हमास व उसके आतंकवादी कृत्यों की स्पष्ट निंदा करने की बात कही है। इन नेताओं ने स्पष्ट किया है कि हमास की आतंकवादी कार्रवाइयों का कोई औचित्य नहीं है और इसकी सार्वभौमिक रूप से निंदा की जानी चाहिए। आतंकवाद का कभी कोई

औचित्य नहीं होता। हाल के दिनों में, दुनिया ने भयावह रूप से देखा है कि हमास के आतंकवादियों ने परिवारों का उनके घरों में नरसंहार किया, एक संगीत समारोह का आनंद ले रहे 200 से अधिक युवाओं की हत्या कर दी और बुजुर्ग महिलाओं, बच्चों और पूरे परिवारों का अपहरण कर लिया, जिन्हें अब बंधक बनाया जा रहा है। इन नेताओं ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इजराइल का समर्थन करेंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह इजराइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी पक्ष के लिए इन हमलों का लाभ उठाने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि वे लोग फिलिस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को पहचानते हैं और इजरायली एवं फिलिस्तीनियों के लिए समान रूप से न्याय और स्वतंत्रता के उपायों का समर्थन करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमास उन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है और यह फिलिस्तीनी लोगों को अधिक आतंक और रक्तपात के अलावा कुछ भी नहीं देता है। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि आने वाले दिनों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली, इजरायल के सहयोगी और आम मित्र के रूप में एकजुट और समन्वित रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इजरायल अपनी रक्षा करने में सक्षम है और अंततः एक शांतिपूर्ण और एकीकृत मध्य पूर्व क्षेत्र के लिए स्थितियां निर्धारित कर सके।

चीन ने बताया हमला:अमेरिका के चीनी महावाणिज्य दूतावास में घुसी कार, पुलिस ने चालक को मार गिराया

वाशिंगटन। अमेरिकी के सैन फ्रांसिस्को स्थित चीनी महावाणिज्य दूतावास में एक बे-लगाम कार घुस गई। इसे चीन ने हमला करार दिया है। अमेरिकी पुलिस ने दूतावास में कार सहित घुस जाने वाले ड्राइवर को गोली मार दी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को स्थित चीन के महावाणिज्य दूतावास में कामकाज अपनी गति से चल रहा था, उसी दौरान दोपहर करीब तीन बजे एक सेडान कार तेजी से आकर इमारत में घुसी और टकरा गयी। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। दूतावास में मौजूद चीनी कर्मचारियों में दहशत फैल गयी। जिस समय यह घटना हुई, उस समय दूतावास में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

उन सबने इधर-उधर भागना शुरू कर देने से हड़कंप मच गया। चीन ने इस घटना को हमला करार दिया है। चीन ने कहा है कि मामला गंभीर है और यह चीनी दूतावास पर हमला है। चीन ने घटना की विस्तृत जांच की मांग की है। चीनी वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना से कर्मचारियों के जीवन और सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हुआ। हमारी सुविधाओं और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

पुलिस के मुताबिक आरोपित ने कार को चीनी महावाणिज्य दूतावास की लॉबी में घुसा दिया था। टीवी कैमरों में दिखा कि सेडान कार ने चीन के वीजा कार्यालय के दरवाजे से टक्कर मारी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित कार ड्राइवर को गोली मार दी। घायल अवस्था में कार ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद पुलिस ने बिल्डिंग को चारों तरफ से घेर लिया है।

हमास-इजरायल के आक्रमण में थाईलैंड के 18 नागरिकों की मौत

बैंकाक/तेल अवीव। हमास और इजरायल के आक्रमण में थाईलैंड के 18 नागरिकों की मौत हो गई । थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में पहले कहा गया था कि इस आक्रमण में थाईलैंड के 12 नागरिकों की मौत हुई है और 11 को अगवा किया गया है। इजरायल में रहने वाले 30,000 से अधिक थाई लोगों में से 5,000 खतरे में हैं। नेपाल के इजरायल में रहने वाले 10 स्टूडेंट्स की भी इस आक्रमण में मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस लड़ाई में भारत के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और कनाडा सहित पश्चिमी

देशों ने इजरायल को समर्थन किया है। अमेरिका ने मध्य-पूर्व सागर में सैन्य साजो-सामान भेजा है। रूस और चीन ने आक्रमण की निंदा जरूर की है लेकिन फिलिस्तीन की आजादी की भी वकालत भी की है। थाई विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल में रॉयल थाई दूतावास ने काउंसलर सेवाओं को रोक दिया है।

लंदन में फिलिस्तीन-इजरायल समर्थकों का प्रदर्शन, झड़प, तीन गिरफ्तार

लंदन। लंदन में इजरायल के दूतावास के बाहर हजारों फिलिस्तीन समर्थकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'फिलिस्तीन को आजाद करो' के नारे लगाए। इस बीच इजरायल समर्थक भी पहुंच गए। इससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके अलावा सोमवार देररात लंदन के हाई स्ट्रीट केंसिंग्टन ट्यूब स्टेशन के पास फिलिस्तीन और इजरायल के समर्थक आपस में भिड़ गए। कुछ लोगों ने फिलिस्तीन के झंडे फहराते हुए इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ लोगों ने इजरायल दूतावास के बाहर आतिशबाजी की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों के लोगों को अलग-अलग किया।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बयान जारी किया है कि तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हमास का समर्थन करने वाले लोगों को आतंकवादी करार दिया

है। सुनक ने एक्स पर कहा कि जो लोग हमास का समर्थन करते हैं, वह इस भयावह हमले के लिए जिम्मेदार हैं।

हमास-इजरायल आक्रमण पर अरब लीग देशों की आपात बैठक बुधवार को

काहिरा/रियाद। इजरायल पर हमास के आक्रमण के बाद नभ से थल तक गरज रही मिसाइलों से इस्लामिक देशों में हलचल बढ़ गई है। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति के अलावा मिस्र और जॉर्डन से बातचीत की है। इस बीच अरब लीग में शामिल देशों के विदेश मंत्रियों की बुधवार को आपात बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

अरब लीग में इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, मोरक्को, ओमान, कतर सहित 22 सदस्य देश हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक बयान में कहा गया है कि यह असाधारण सत्र फिलिस्तीन की ओर से मिले निवेदन के बाद आहूत किया गया है। अरब लीग के डिप्टी चीफ होसाम जकी ने कहा है कि काहिरा में होने वाली इस असामान्य बैठक में अरब और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक कार्रवाई के रास्ते तलाशे जाएंगे, क्योंकि हमास के शनिवार के हमले के बाद इजरायल गाजा पट्टी में हमले कर रहा है। हमास के हमले के बाद अरब लीग के प्रमुख अहमद अबुल घेत रूस के दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोफ से मुलाकात की है। लावरोफ ने कहा कि फिलिस्तीन को अलग राष्ट्र बनाना ही इजरायल में शांति का सबसे

विश्वसनीय समाधान है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक क्राउन प्रिंस ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बासी को आश्वासन दिया है कि उनका देश फिलस्तीनियों के अधिकार, उनकी उम्मीदों, महत्वाकांक्षाओं और शांति के लिए साथ खड़ा है। उधर, ईरान मुखर होकर फिलिस्तीनियों का समर्थन कर रहा है। ईरान और इराक ने ताजा घटनाक्रम की समीक्षा के लिए मुस्लिम देशों के संगठन इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की आपात बैठक बुलाई है।इस्लामिक सहयोग संगठन की स्थापना 25 सितंबर, 1969 को 24 सदस्य देशों ने रबात (मोरक्को) में की थी। इसकी स्थापना का मकसद 21 अगस्त, 1969 को अल-अक्सा मस्जिद पर आगजनी का जवाब देना था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह द्वितीय और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से फोन पर बात हुई है। तीनों नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बनी है कि गाजा और उसके आसपास के इलाको में इजरायल को आगे बढ़ने और इस क्षेत्र में उसके विस्तार को रोकने की कोशिशें तेज करनी होंगी। मोहम्मद बिन सलमान ने यह दुहराया है कि सऊदी अरब सभी अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय नेताओं के संपर्क में है। वह मौजूदा संघर्ष को रोकने और इसको बढ़ने से रोकने के लिए कोशिश कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ईरान के विदेशमंत्री हुसैन आमिर अब्दुलाहियान ने इराक के विदेशमंत्री फुआद हुसैन से फोन पर बात की है। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने फिलिस्तीन के पीड़ित लोगों की सहायता के लिए इस्लामी देशों के बीच सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। ईरान के विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान में तालिबान के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी से भी बात की है।

फांसीसी सांसद ने कहा, हमास के हमले के बाद फ्रांस के 8 नागरिक मारे गए या बंधक बनाए गए

पेरिस/ब्रुसेल्स/बर्लिन। इजराइल पर हमास के हमले के बाद फ्रांस के एक सांसद ने लिए हमास को सीधे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उनकी



रिहाई सुनिश्चित करने के लिए हर साधन का उपयोग करना चाहिए।

मेयर हबीब ने कहा कि उन्होंने बोर्डो के 26 वर्षीय एविडन टी. के पिता से बात की थी, जो इजरायल में रहते हैं। उन्होंने लिखा, पिता ने मुझे इस बात की पुष्टि की है कि इस युवा फ्रांसीसी को वास्तव में बंधक बना लिया गया है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने रविवार देर रात कहा कि इजरायल पर हमास के हमले में एक फ्रांसीसी महिला की मौत हो गई है, साथ ही कहा कि वह कई अन्य नागरिकों का पता नहीं चल रहा है। यूरोपीय संघ के आयुक्त ओलिवर वरहेली ने हमास द्वारा इजरायल पर हमले को ''आतंक और क्रूरता'' करार देते हुए सोमवार को कहा कि यूरोपीय संघ ने फलस्तीनियों को ''सभी भुगतान'' तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। इस कदम के पीछे क्या कारण हैं और क्या इससे फलस्तीनियों को दी जाने वाली सभी मानवीय सहायता प्रभावित होगी, इस बारे में प्रश्नों का जवाब नहीं दिया गया है।

वरहेली ने कहा कि ''फलस्तीनियों के सबसे बड़े दानदाता के रूप में, यूरोपीय आयोग विकास की मद में दिए जाने वाली राशि की समीक्षा कर रहा है। यह राशि 69.1 करोड़ यूरो है।''वरहेली ने कहा कि उपायों में यह भी शामिल है कि ''सभी तरह के भुगतान तुरंत निलंबित कर दिए जाएं।'' उन्होंने कहा, ''सभी परियोजनाओं की समीक्षा की जा रही है। सभी नये बजट प्रस्तावज्अगली सूचना तक स्थगित कर दिए गए हैं।''

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

'फलस्तीनियों के साथ खड़ा है सऊदी', इस्राइल-हमास संघर्ष बढ़ने पर क्राउन प्रिंस

दुबई। फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के हमलों के बाद इस्राइल लगातार गाजा पट्टी पर हमला कर रहा है। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि वह शांति लाने के लिए फलस्तीनियों के साथ खड़ा है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि वह इस्राइल पर हमास के हमले के बाद बढ़े संघर्ष को रोकने के लिए काम कर रहे हैं।

अधिकार दिलाने के लिए साथ

सऊदी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने महमूद अब्बास से कहा कि खाड़ी साम्राज्य फलस्तीनी लोगों को उनके अधिकारों को दिलवाने, उनकी आशाओं और आकांक्षाओं को प्राप्त करने और न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए उनके साथ खड़ा रहेगा।

1600 लोगों की मौत

इस्राइल पर आतंकी संगठन हमास के हमले से दुनियाभर में हलचल मच गई है। इस्राइल में इन दर्दनाक हमलों में अब तक करीब 900 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, इस्राइल की ओर से गाजा पट्टी पर किए गए पलटवार में 690 की जान जाने की बात सामने आई है।

बताया जा रहा है कि बढ़ती हिंसा इन अटकलों के बीच शुरू हुई कि सऊदी अरब, जिसने कभी भी इस्राइल को मान्यता नहीं दी है, एक समझौते के तहत संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सहमत हो रहा है, जिसमें वह अमेरिका से सुरक्षा गारंटी प्राप्त करेगा और साथ ही एक नागरिक परमाणु कार्यक्रम विकसित करने में सहायता करेगा।

हालांकि, प्रिंस मोहम्मद ने पिछले महीने मीडिया को बताया था कि फलस्तीनी मुद्दा सऊदी अरब के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जहां मक्का और मदीना में इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल हैं। प्रिंस मोहम्मद ने कहा था, 'हमें फलस्तीनियों के जीवन को आसान बनाने की जरूरत है।'